रोहतक
मंगलवार 10 नवंबर 2026
कार्तिक मास शुक्ल पक्ष,
प्रतिपदा वर्ष : 30, अंक : 277
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

मौसम हरियाणा
अधि. 31.7°C
न्यून. 13.7°C

हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
haribhoomi.com

समाचार ही नहीं, विचार भी



7 न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज जीतने उतरेगा भारत, रोहित पर नजर



दृश्यता हुई काफी कम

दिवाली की रात जमकर आतिशबाजी, दमघोंटू हुई हवा

गैस चैंबर बना हरियाणा, 15 शहरों का एक्यूआई @ 500

दो घंटे की इजाजत की जगह लोगों ने पूरी रात फोड़े बम

सुप्रीम कोर्ट के आदेश का हुआ खुला उल्लंघन

आंखों में जलन, सांस लेने में हो रही भारी परेशानी

गांव-देहात में भी बढ़ा प्रदूषण, बुजुर्ग बच्चे हो रहे बीमार

हरिभूमि टीम (हरियाणा)। दिवाली की रात हरियाणा में प्रदूषण का स्तर बेहद खतरनाक स्थिति में पहुंच गया। प्रदेश के 15 शहरों की हवा जहरीली हो गई। इन शहरों में लोगों को सांस लेने में दिक्कत और आंखों में जलन जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ा। दिवाली की रात 12 से 2 बजे के बीच प्रदेश के 23 शहरों में से 15 का एक्यूआई 500 तक पहुंच गया। यानी इन शहरों में प्रदूषण का स्तर एक्यूआई मापने की अधिकतम सीमा तक पहुंच गया। इसके साथ ही ये शहर गंभीर श्रेणी में आ गए। दिवाली की रात से पहले जारी आंकड़ों से तुलना करें तो प्रदूषण की स्थिति में भारी गिरावट दर्ज की गई। पहले किसी भी शहर का एक्यूआई 400 तक नहीं पहुंचा था, जबकि दिवाली की रात 15 शहरों का एक्यूआई 500 तक पहुंच गया। बहादुरगढ़, बल्लभगढ़, फरीदाबाद, गुरुग्राम, रोहतक, सोनीपत और पानीपत समेत प्रदेश के कई शहरों की हवा बेहद जहरीली हो गई। तुलनात्मक आंकड़ों में कुरुक्षेत्र का एक्यूआई 179 से बढ़कर 500 पर पहुंच गया। यहां 321 अंकों की बढ़ोतरी हुई। करनाल में 200 से बढ़कर 500 (300 अंक), अंबाला में 226 से 500 (274 अंक) और पानीपत में 228 से 500 (272) अंक हो गया।

प्रदूषण का स्तर एक्यूआई मापने की अधिकतम सीमा पर



सुप्रीम कोर्ट सख्त, एक्शन प्लान मांगा

यहां पर बता दें कि सुप्रीम अदालत ने दिल्ली-एनसीआर में वाहनों से होने वाले प्रदूषण को लेकर कठोर रुख अपना लिया है। इस क्रम में दिल्ली सहित तीन अन्य राज्यों से एक्शन प्लान मांग लिया है। अहम बात यह है कि हरियाणा और दिल्ली, उत्तर प्रदेश, राजस्थान को जवाब दाखिल करना होगा। इन आदेशों के साथ ही पिछले कई वर्षों के अनुभव के आधार पर संबंधित विभाग के अफसरों का नाम प्रकाशित नहीं करने की शर्त पर कहना है कि कुछ निर्देश जारी किए जाएंगे, जिनका राज्य पूरी तरह से पालन करने का काम करेगा।

दिवाली के बाद यूं बिगड़ी शहरों में हवा की सेहत

शहर	एक्यूआई (पहले)	(बाद में)
कुरुक्षेत्र	179	500
करनाल	200	500
अंबाला	226	500
पानीपत	228	500
सोनीपत	244	500
धारूहेड़ा	266	500
गुरुग्राम	288	500

तत्काल कदम उठाने के निर्देश

प्रदूषण को रोकने के लिए तत्काल कदम उठाने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं। इसके अलावा हरियाणा में एनसीआर एरिया के जिलों में खासतौर पर पीयूसी (पॉल्यूशन अंडर कंट्रोल) नियमों के पालन और प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों के खिलाफ मुहिम तेज कर दी गई है। वाहनों के चालान कार्रवाई की जा रही है। कार्रवाई की रिपोर्ट भी अदालत द्वारा मांगी गई है। इसके अलावा पुराने वाहनों और तय मानकों को पूरा न करने वाले वाहनों के खिलाफ की कार्रवाई का विवरण भी अदालत के सामने रखना होगा।

एक ही रात में आग से 23 लोगों की गई जान

नई दिल्ली। दिवाली की रात देश के कई शहरों में पटाखों और अन्य कारणों से लगी आग में 23 लोगों की मौत हो गई। सबसे ज्यादा मौतें मध्य प्रदेश में हुईं, जहां तीन अलग-अलग घरों में आग लगने से 13 लोगों की जान चली गई। वहीं, महाराष्ट्र के धाराशिव में मकान में रहने वाले परिवार के छह लोगों की मौत हो गई। मुंबई के लोखंडवाला में आग लगने से एक व्यक्ति की जान चली गई। राजस्थान के पाली में पटाखों की दुकान में आग लगने से 2 लोगों की मौत हो गई। वहीं, दिल्ली के नरेला में रॉकेट पटाखा पेट में लगने से 10 साल के बच्चे की मौत हो गई।

पूरे दिल्ली-एनसीआर में हवा खतरनाक स्तर पर

नई दिल्ली। दिवाली के बाद सोमवार सुबह दिल्ली-एनसीआर की हवा की क्वालिटी गंभीर कैटेगरी में पहुंच गई। रविवार रात लोगों ने जमकर पटाखे जलाए, जिसके बाद सोमवार सुबह दिल्ली-एनसीआर के कई इलाकों में विजिबिलिटी भी काफी कम रही। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के मुताबिक, दिल्ली के पटपड़गंज में एक्यूआई में 418, आईटीओ पर एक्यूआई 406, राजीव चौक पर एक्यूआई 381 और साउथ एक्सटेंशन के आसपास के क्षेत्र में एक्यूआई 360 दर्ज किया गया। उत्तर प्रदेश के नोएडा, गाजियाबाद, कानपुर और वाराणसी समेत 10 शहरों में सोमवार को हवा का स्तर खतरनाक रहा। सुबह 7 बजे प्रयागराज, गोरखपुर और लखनऊ का एक्यूआई 500 के पार पहुंच गया। यूपी में ठंड और कोहरे ने भी असर दिखाना शुरू कर दिया है। 15 से ज्यादा शहरों में घना कोहरा छाया रहा। रात का तापमान 15 डिग्री से नीचे लुढ़क गया है। मध्य प्रदेश में भी ठंड बढ़ रही है। रविवार रात भोपाल, इंदौर समेत 14 शहरों में पारा 14 डिग्री से कम रहा। राजस्थान के शहरों में रविवार को दिन में सामान्य से ज्यादा गर्मी रही।

एक्यूआई 418 पहुंचा, प्रयागराज में एक्यूआई 500 पार

हिसार के युवक जिंदा जल गए

यूपी के मुजफ्फरनगर में भीषण सड़क हादसे में गई सभी की जान

खंभे से टकराई तेज स्पीड कार, पलटी और आग लग गई

दरवाजे लॉक होने के कारण कोई भी बाहर नहीं निकल पाया

राखीगढ़ी के 4 युवक अंकित और राहुल दोनों सगे भाई

बाकी दो युवक मोठ रांगड़ान के निवासी



नारनौंद : मुजफ्फरनगर के पास पड़ी हुई दुर्घटनाग्रस्त गाड़ी।

गंगा स्नान के लिए हरिद्वार जा रहे 6 दोस्तों की दर्दनाक मौत

सभी युवकों की उम्र 20 से 23 वर्ष के बीच

नारनौंद (हरिभूमि न्यूज)। नारनौंद हलके के ऐतिहासिक गांव राखीगढ़ी और मोठ रांगड़ान गांव के छह युवकों की उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में हुए भीषण सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। सभी युवक आपस में दोस्त थे और सोमवती अमावस्या के अवसर पर हरिद्वार में गंगा स्नान करने के लिए घर से निकले थे। हादसे में सभी छह युवक कार के अंदर जिंदा जल गए। जानकारी के अनुसार सोमवार सुबह मुजफ्फरनगर में पानीपत-खटीमा राष्ट्रीय राजमार्ग पर युवकों की तेज रफ्तार सीएनजी कार अचानक अनियंत्रित हो गई। कार पहले सड़क किनारे लगे बिजली के खंभे से टकराई और इसके बाद डिवाइडर तोड़ते हुए दूसरी लेन में जाकर पलट गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बिजली का खंभा दो टुकड़ों में टूट गया और डिवाइडर का करीब 10 मीटर हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के तुरंत बाद कार में भीषण आग लग गई। बताया जा रहा है कि कार के दरवाजे लॉक होने के कारण युवकों को बाहर निकलने का मौका नहीं मिल पाया और सभी छह युवकों की जिंदा जलने से मौत हो गई।

इनकी गई जान

जान गंवाने वाले युवकों की पहचान राखीगढ़ी निवासी साहिल (20), अंकित (21) और राहुल (23) अंकित मालिक (22) के रूप में हुई है। वहीं गांव मोठ करनेल के अमन (20) और अजय (21) हैं। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार मृतकों में अंकित और राहुल सगे भाई हैं। साहिल पुत्र सोमकुमार गुड़गांव में टैक्सी चलाने का काम करता था और हादसे के समय कार चला रहा था। अंकित एसी-फ्रिज रिपेयरिंग का काम करता था, जबकि राहुल भी मेहनत-मजदूरी और गाड़ी चलाने का काम करता था। अन्य युवक भी पढ़ाई और मेहनत-मजदूरी से जुड़े हुए थे।

हरिभूमि पाठक सर्वे योजना हरियाणा

खबर संक्षेप

सर्फ एक्सेल, रिन की कीमतें 11 फीसदी बढ़ी




नई दिल्ली। हिंदुस्तान यूनिलीवर ने अपने होम केयर पोर्टफोलियो के कई उत्पादों की अधिकतम खुदरा कीमतों में 11% तक की बढ़ोतरी की है। इनमें सर्फ एक्सेल, रिन और व्हील जैसे लोकप्रिय डिटर्जेंट ब्रांड शामिल हैं। कंपनी ने लागत के बढ़ते दबाव और अपने मार्जिन को सुरक्षित रखने की कोशिशों के चलते यह कदम उठाया है। कीमतों में यह बदलाव कई अलग-अलग पैक साइज़ पर लागू होगा, जिसमें 1 रुपये से लेकर 10 रुपये तक की बढ़ोतरी की गई है। कंपनी ने 'सर्फ एक्सेल क्विक वॉश' (1 किलो पैक) की एमआरपी 235 रुपये से बढ़ाकर 245 रुपये कर दी है।

कश्मीर में 10 करोड़ से अधिक की संपत्ति कुर्क

श्रीनगर। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को बताया कि उसने प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) में कथित अनियमितताओं से जुड़े धन शोधन के मामले में जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर और बांदीपोरा जिलों में 10.63 करोड़ रुपये मूल्य की 11 संपत्तियां कुर्क की हैं। केंद्रीय एजेंसी ने एक बयान में बताया कि यह मामला योजना के तहत धन के कथित दुरुपयोग से जुड़ा है और कुर्क की गई संपत्तियां आपूर्तिकर्ताओं-सह-दलालों और जम्मू-कश्मीर बैंक के अधिकारियों के कब्जे में थीं।

1930 में हुई आरएसएस पर बैन लगाने की कोशिश : भागवत

नागपुर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने 1930 के दशक का एक किस्सा सुनाते हुए बताया कि उस समय सेंट्रल प्रोविंस की विधानसभा में संघ पर प्रतिबंध लगाने की कोशिश हुई थी। उन्होंने कहा कि उस समय संघ के समर्थन में कोई स्वयंसेवक सामने नहीं आया था। ऐसे में इब्राहिम नाम के एक व्यक्ति ने संघ का पक्ष रखते हुए कहा था कि संघ को बंद नहीं किया जाना चाहिए और क्योंकि वह सांप्रदायिक संगठन नहीं है। भागवत ने बताया कि इब्राहिम का कहना था- जो लोग कहते हैं कि हिंदुस्तान हिंदू राष्ट्र है, उन्हें मेंटल हॉस्पिटल भेज देना चाहिए। मैं डॉ. हेडगेवार को जानता हूं, वह मेंटल नहीं हैं, वह एक अच्छे इंसान हैं। इसलिए, संघ कम्युनल नहीं हो सकता।



तब इब्राहिम नाम के व्यक्ति ने विरोध किया था, किसी स्वयंसेवक ने नहीं

संबोधन की बड़ी बातें

- **व्यक्ति निर्माण से देश निर्माण:** आरएसएस का उद्देश्य व्यक्ति निर्माण के जरिए समाज और देश को बेहतर बनाना है। संघ के संस्थापक डॉ. हेडगेवार का मानना था कि अच्छे व्यक्ति से ही अच्छे समाज और देश का निर्माण होता है।
- **प्रचारक पूरा जीवन संगठन को समर्पित करते हैं:** आरएसएस के प्रचारक बिना किसी स्वार्थ, अहंकार या व्यक्तिगत लाभ की उम्मीद के समाज के लिए काम करते हैं। वे अपनी निजी इच्छाओं को भी संगठन के लिए छोड़ देते हैं।
- **प्रचारकों का त्याग दूसरों के लिए प्रेरणा:** प्रचारकों और स्वयंसेवकों के समर्पण और त्याग को सिर्फ शब्दों में नहीं समझाया जा सकता। उनके साथ रहकर ही इसे महसूस किया जा सकता है। उनका जीवन दूसरों को समाज सेवा के लिए प्रेरित करता है।
- **प्रचारक स्वयंसेवकों को संगठन के लक्ष्य से जोड़ते हैं:** हर स्वयंसेवक आदर्शों पर पूरी तरह खरा नहीं उतर पाता, लेकिन सभी समाज के लिए अच्छा काम करने की कोशिश करते हैं। प्रचारक अपने समर्पण से स्वयंसेवकों को संगठन के उद्देश्यों से जोड़े रखते हैं।

हसीना ने बांग्लादेश लौटने के लिए नया पासपोर्ट मांगा

ढाका (एजेंसी)। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने देश लौटने के लिए नया पासपोर्ट मांगा है। वे दिसंबर में बांग्लादेश लौटना चाहती हैं। आवेदन नई दिल्ली स्थित बांग्लादेश दूतावास से किया गया है। उनके वकील ने सोमवार को लंदन में बांग्लादेश के शीर्ष राजनयिक को भी ईमेल किया है। इसमें हसीना के लिए नया पासपोर्ट और राष्ट्रीय पहचान पत्र जारी करने की मांग की गई है। शेख हसीना 5 अगस्त 2024 से भारत में हैं। छात्र आंदोलन के बाद उन्हें प्रधानमंत्री पद छोड़ना पड़ा था। तब से वे भारत में ही रह रही हैं।



2 साल से भारत में हैं पूर्व प्रधानमंत्री शेख

पाक टीवी एंकर राबिया की घर पर ही गोली लगने से मौत

रावलपिंडी (एजेंसी)। पाकिस्तान के रावलपिंडी में रविवार को टीवी एंकर राबिया अहसान की उनके घर में गोली लगने से मौत हो गई। उनके गले के नीचे गोली लगी थी। राबिया के पति ने दावा किया कि पिस्टल संभालते समय अचानक गोली चल गई थी। उसे पता नहीं था कि पिस्टल में गोली भरी हुई है। हालांकि, राबिया के भाई की शिकायत के बाद पुलिस ने उनके पति को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने गोली चलाने में इस्तेमाल हुई बंदूक भी बरामद कर ली है। टीवी एंकर राबिया अहसान की 13 और 11 साल की दो बेटियां हैं।



पति का दावा पिस्टल संभाल रहा था, पता नहीं था उसमें गोली है

मोदी ने जेलेंस्की से युद्ध खत्म करने में मदद की पेशकश की

कहा-शांति की हर कोशिश में हम साथ

नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की से फोन पर बात की। इस दौरान मोदी ने रूस-यूक्रेन युद्ध का शांतिपूर्ण समाधान निकालने की कोशिशों में भारत की ओर से हरसंभव मदद देने की बात कही। प्रधानमंत्री कार्यालय के मुताबिक, मोदी ने कहा कि युद्ध का हल बातचीत और कूटनीति से ही निकलना चाहिए। उन्होंने भरोसा दिलाया कि भारत शांति की कोशिशों में अपना योगदान देने के लिए तैयार है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत इस युद्ध को इंसानियत के नजरिए से देखता है। मोदी पहले भी कई बार कह चुके हैं कि यह युद्ध का दौर नहीं है और किसी भी विवाद को बातचीत से सुलझाया जाना चाहिए। यह बातचीत ऐसे समय हुई है, जब रूस-यूक्रेन युद्ध खत्म कराने की कोशिशें फिर तेज हो रही हैं। अमेरिका, यूरोप और रूस के बीच इस मुद्दे पर लगातार बातचीत और बयानबाजी चल रही है। ऐसे में जेलेंस्की का मोदी से बात करना अहम है। भारत के रूस और यूक्रेन, दोनों देशों से अच्छे रिश्ते हैं। मोदी पिछले चार साल से दोनों देशों के नेताओं के संपर्क में हैं। वह कभी रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से तो कभी जेलेंस्की से बात करते रहे हैं।



फोन पर कहा युद्ध का हल कूटनीति से निकलना चाहिए

भतीजी से दुष्कर्म-मर्डर का आरोपी एनकाउंटर में ढेर

कोलकाता (एजेंसी)। पश्चिम बंगाल के उत्तर दिनाजपुर जिले में 12 साल की भतीजी से रेप-मर्डर के आरोपी दिलीप रॉय की सोमवार सुबह पुलिस एनकाउंटर में मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, रायगंज के परापुकुर गांव में उसे पकड़ने के लिए छापेमारी की गई थी। इस दौरान आरोपी ने पुलिस पर गोली चलाई, जो पुलिस वैन के टायर में लगी। जवाबी गोलीबारी में वह घायल हो गया। अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस घटना के बाद से फरार आरोपी की चार दिन से तलाश कर रही थी। राज्य मंत्री दिलीप घोष ने कहा कि कानून तोड़ने वालों को पुलिस का सामना करना पड़ेगा।



चार दिन से चल रहा था फरार दिलीप रॉय

3 नवंबर को घर से निकली थी बच्ची

परिवार के मुताबिक, बच्ची 3 नवंबर को साइकिल लेकर घर से निकली थी, लेकिन वापस नहीं लौटी। 5 नवंबर को कुलिक नदी के पास जंगल में उसका शव मिला। परिजनों ने दुष्कर्म के बाद हत्या का आरोप लगाया था। पुलिस के मुताबिक, दिलीप रॉय बच्ची का रिश्तेदार था और उसे नदी दिखाने के बहाने जंगल ले गया था। घटना के बाद वह फरार हो गया था। पुलिस को सोमवार रात करीब 2 बजे सूचना मिली थी कि आरोपी बिहार सीमा के पास छिपा है।

सुप्रीम कोर्ट ने सुनाया अहम फैसला

लोकसेवक 48 घंटे से ज्यादा न्यायिक हिरासत में तो सस्पेंड माना जाएगा

नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने साफ कर दिया है कि अगर कोई सरकारी अफसर गिरफ्तार होकर 48 घंटे से ज्यादा न्यायिक हिरासत (जेल) में रहता है, तो उसे अपने आप सस्पेंड माना जाएगा। इसके लिए अलग से कोई सस्पेंशन ऑर्डर निकालने की जरूरत नहीं है। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनमोहन की बेंच ने अपने आदेश में ये बात कही। मामला बिहार के समस्तीपुर के अस्पताल प्रशासक के रिश्वत कांड से जुड़ा था। विश्वजीत सिंह पर 36421 रुपये के बकाया वेतन को जारी करने के बदले संविदाकर्मी से 4000 रुपये रिश्वत मांगने का आरोप है। कोर्ट ने पटना हाईकोर्ट का वह आदेश रद्द कर दिया, जिसमें करीब एक साल बाद उनकी जमानत रद्द की गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हाईकोर्ट इस पर टिप्पणी कर सकता था, लेकिन जमानत रद्द नहीं करनी चाहिए थी। जमानत बहाल करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने आरोपी की सेवा स्थिति और बाद की तैनाती से जुड़ी एक गंभीर बात भी उठाई। बेंच ने आदेश में कहा, 'एक गंभीर बात है, जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।



बिहार अस्पताल प्रशासक की जमानत बहाल

सुप्रीम कोर्ट ने उठाए थे कीमतों को लेकर सवाल

कैंसर की 137 दवाएं सस्ती, 50% तक दाम कम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट की नाराजगी के बाद 17 अक्टूबर को नेशनल फार्मास्यूटिकल प्राइसिंग अथॉरिटी ने 137 गैर-अनुसूचित (नॉन शिड्यूल्ड) कैंसर दवाओं पर कंपनियों का मुनाफा 30% तय कर दिया था। इसी फैसले के बाद दवाओं की कीमतें कम हुई हैं।

कैंसर की 137 दवाएं 9 नवंबर से सस्ती हो गई हैं। दवा कंपनियों ने 121 दवाओं के 1,364 फॉर्मूलेशन की नई कीमतें जारी की हैं। इनमें 679 ब्रांड की दवाओं के दाम 50% से ज्यादा घटाए गए हैं। सबसे ज्यादा 96.45% की कमी की गई है। कीमतें घटने से मरीजों को हर साल करीब 3,540.38 करोड़ रुपये की बचत होने का अनुमान है। दरअसल, 22 सितंबर को सुप्रीम कोर्ट ने कैंसर की दवाओं की रिटेलर कीमत (पीटीआर) और मैक्सिमम रिटेल प्राइज यानी एमआरपी के बीच के मार्जिन पर सवाल उठाए थे। कोर्ट ने कहा था- 2700 की दवा मरीज को 27000 में मिलना दिनदहाड़े डकैती और नरसंहार जैसा है।

विशेषज्ञ समिति ने की थी सिफारिश



कीमतें कम करने की सिफारिश डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ हेल्थ सर्विसेज के तहत बनी विशेषज्ञ समिति ने की थी। समिति में देशभर के प्रमुख ऑन्कोलॉजिस्ट, मेडिकल विशेषज्ञ, अस्पतालों के विशेषज्ञ और सरकारी अधिकारी शामिल थे। समिति ने मार्जिन को तर्कसंगत बनाने के लिए 137 दवाओं की सिफारिश की है। इस सूची को समय-समय पर अपडेट किया जाएगा।

शिकायत के लिए एप

खरीदार दवा के पैकेट पर छपी बढ़ली हुई कीमत देख सकते हैं और 'फार्मा सही दाम' मोबाइल ऐप या एनपीपीए की वेबसाइट के जरिए दवाओं की नई कीमत की पुष्टि कर सकते हैं। कोई भी केमिस्ट या अस्पताल की फार्मेसी, तय की गई कीमत से अधिक दाम नहीं वसूल सकती। यदि कोई अधिक कीमत वसूलता है या कीमतों से जुड़ी कोई अन्य शिकायत है, तो उपभोक्ता 'फार्मा जन समाधान' पोर्टल के माध्यम से अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं या एनपीपीए की हेल्पलाइन नंबर 1800-111-255 पर संपर्क कर सकते हैं।

खबर संक्षेप

लव मैरिज के चार साल बाद युवती की संदिग्ध हालात में मौत

पंचकूला। पंचकूला के खड़कुआं गांव में 26 वर्षीय युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। शव उसके घर के कमरे में बेड के पास फर्श पर पड़ा मिला, जबकि पंखे से आधा दुपट्टा लटकता हुआ पाया गया। युवती ने लव मैरिज की थी। सूचना पर पहुंचे मायके वालों ने घटनास्थल की स्थिति को देखते हुए मामले ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। उन्होंने दामाद पर ही हत्या करने का आरोप लगाया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके का मुआयना किया और साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने मां की शिकायत पर आरोपी पति के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मृतका की 3 साल की बेटी और 1 साल का बेटा है। माला ने साल 2022 में गांव खड़कुआं निवासी विजय लुबाना के साथ लव मैरिज की थी।

पल्ला इंजीनियरिंग कॉलेज में धरना 39वें दिन भी जारी

नूंह। जिले के पल्ला गांव में स्थित मेवात इंजीनियरिंग कॉलेज में छात्रों का विभिन्न मांगों को लेकर चल रहा धरना 39वें दिन भी जारी रहा। पिछले 11 दिनों से भूख हड़ताल पर बैठे छात्रों की हालत लगातार बिगड़ती जा रही है। सोमवार को नूंह जिला बार एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल पहुंचा व छात्रों की मांगों का समर्थन किया। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष शमीम अहमद ने कहा कि पिछले 39 दिनों से छात्र धरने पर बैठे हैं और 11 दिनों से दो छात्र भूख हड़ताल पर हैं, जिनकी हालत अब नाजुक और गंभीर बनी हुई है।

डीएनए जांच के लिए 20 पदों पर होगी सीधी भर्ती

पंचकूला। करनाल के मधुबन स्थित फोरेंसिक साइंस लैबोरेटरी में डीएनए जांच से जुड़े मामलों के त्वरित निपटारे के लिए 20 पदों पर भर्ती निकाली गई है। सभी नियुक्तियां एक साल के लिए अनुबंध (कॉन्ट्रैक्ट) के आधार पर की जाएंगी। उम्मीदवारों का चयन बिना किसी लिखित परीक्षा के शैक्षणिक योग्यता, अनुभव और इंटरव्यू के आधार पर होगा। इनमें पांच वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी, पांच वरिष्ठ वैज्ञानिक सहायक, पांच वैज्ञानिक सहायक और पांच लैब अटेंडेंट के पद शामिल हैं।

पंजाब के फगवाड़ा में श्री विश्वकर्मा पूजा महोत्सव में शामिल हुए सीएम

पंजाब को नशामुक्त कर कुशल कारीगर की तरह सभ्य व भव्य प्रदेश के रूप में गढ़ें : सैनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने पंजाब के लोगों से आह्वान किया कि आओ सब मिलकर पंजाब को नशामुक्त करें और एक कुशल कारीगर की भांति इसको सभ्य एवं भव्य प्रदेश के तौर पर फिर से गढ़ने का काम करें।

सैनी पंजाब के फगवाड़ा में श्री विश्वकर्मा पूजा महोत्सव कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित कर रहे थे। सांसद अशोक मित्तल , पूर्व केंद्रीय मंत्री विजय सांपला एवं सोमप्रकाश के अलावा शिरोमणि विश्वकर्मा मंदिर कमेटी प्रधान प्रदीप धीमान , उपप्रधान सुरेंद्र धीमान व गुरमख सिंह नामधारी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने 116 वर्ष पुराने ऐतिहासिक मंदिर में भगवान श्री विश्वकर्मा के चरणों में शीश नवाकर गोवर्धन पूजा एवं भगवान विश्वकर्मा पूजा की बधाई दी। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने गोवर्धन पर्वत उठाकर समाज की रक्षा की और भगवान विश्वकर्मा ने द्वारका बसाकर उसी समाज को घर दिया। एक ने रक्षा की, दूसरे ने रचना की और रक्षा व रचना, यही भारत की संस्कृति है।

सैनी ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में हरियाणा सरकार द्वारा राज्य में करवाए गए सुधारों का विस्तार से जिक्र किया और बताया कि पूरे प्रदेश में जहां गरीब मरीजों का सरकारी अस्पतालों में फ्री डायलिसिस करवाया जा रहा है , वहीं सिलीकोसिस पीड़ित श्रमिकों के लिए पुनर्वास नीति बनाने वाला देश का पहला राज्य भी हरियाणा ही बना है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गरीब कारीगर के पास बैंक से लोन लेते वक्त हुनर के सिवा कोई गारंटी नहीं होती। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पीएम विश्वकर्मा योजना से उसी हुनर को गारंटी बना दिया। इस योजना के तहत 500 रुपये रोज के भत्ते के साथ प्रशिक्षण, 15 हजार रुपये तक की टूलकिट और बिना गारंटी 3 लाख रुपये तक का ऋण सिर्फ 5 प्रतिशत ब्याज पर देना शुरू किया। उन्होंने आगे बताया कि हरियाणा सरकार ने इसमें मुख्यमंत्री विश्वकर्मा सम्मान योजना के तहत 5 हजार रुपये अपनी ओर से जोड़े। चार साल का लक्ष्य दो साल में पूरा हुआ। अब तक 30 लाख कारीगर इस योजना से जुड़ चुके हैं।



चंडीगढ़। फगवाड़ा में सीएम नायब सैनी को सम्मानित करते आयोजक।

पिछड़े वर्ग को 20 लाख तक ऋण का प्रावधान

हरियाणा सरकार ने पिछड़े वर्ग के बच्चों को देश में पढ़ाई करने के लिए 15 लाख और विदेश में 20 लाख रुपये तक का शिक्षा ऋण देने का प्रावधान किया है। काम के दौरान दुर्घटना में श्रमिक की मृत्यु पर उसके आश्रितों को 5 लाख रुपये तक की सहायता दी जाती है। क्रीमी लेयर की सीमा भी 6 लाख से बढ़ाकर 8 लाख की गई है। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पंजाब की वर्तमान सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि पंजाब हमारा बड़ा भाई है। जो हरियाणा में हो सकता है, वह पंजाब में क्यों नहीं हो सकता? बिल्कुल हो सकता है। बस नीयत चाहिए, नीति चाहिए और जनता के प्रति समर्पण चाहिए। लेकिन पंजाब सरकार के मुखिया तो चुटकुलों से लोगों को बरगलाना चाहते हैं न कि अपने चुनावी वायदे पूरा करके।

सीएम सैनी ने भगवान विश्वकर्मा को किया नमन



चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने सोमवार को भगवान विश्वकर्मा दिवस के पावन अवसर पर संत कबीर कुटीर में भगवान विश्वकर्मा का पूजन कर उन्हें नमन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा को सृष्टि का प्रथम शिल्पकार और निर्माण एवं सृजन का देवता माना जाता है। उनका जीवन और शिक्षाएं हमें श्रम, कौशल, रचनात्मकता और समर्पण का संदेश देती हैं।

सीएम ने लाडवा में ग्रामीणों संग मनाई दिवाली

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने दिवाली का पावन पर्व अपने परिवार के साथ मनाया। इस दौरान उन्होंने लाडवा हलके के विभिन्न गांवों और स्थानों पर रुककर ग्रामीणों से मुलाकात की तथा उनका हालचाल जाना। मुख्यमंत्री को अपने बीच पाकर ग्रामीणों में विशेष उत्साह देखने को मिला। मुख्यमंत्री ने क्षेत्रवासियों को दीपावली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। उन्होंने कहा कि दीपावली का पर्व अंधकार पर प्रकाश, बुराई पर अच्छाई और निराशा पर आशा की विजय का प्रतीक है। यह पर्व हमें आपसी प्रेम, भाईचारे और सद्भाव के साथ मिल-जुलकर रहने का संदेश देता है।

मुख्यमंत्री सैनी ने सपरिवार गुरुद्वारा श्री नाडा साहिब में टेका माथा



चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने शनिवार देर शाम सपरिवार पंचकूला स्थित ऐतिहासिक गुरुद्वारा नाड्डा साहिब पहुंचे। यहां उन्होंने गुरुद्वारा साहिब में माथा टेका और अरदास की। मुख्यमंत्री ने गुरु चरणों में शीश नवाते हुए प्रदेश और प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की कामना की। उन्होंने कहा कि गुरुओं की शिक्षाएं हमें मानवता, सेवा, भाईचारे और सद्भाव के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती हैं।

पंजाब विवि के कुलपति बने डॉ. टंकेश्वर कुमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चंडीगढ़

पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ को नया कुलपति मिल गया है। भारत के उपराष्ट्रपति एवं पंजाब विश्वविद्यालय के कुलाधिपति की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार डॉ. टंकेश्वर कुमार को पंजाब विश्वविद्यालय का कुलपति नियुक्त किया गया है। वर्तमान में वह हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति के पद पर कार्यरत हैं। डॉ. टंकेश्वर कुमार का कार्यकाल तीन वर्ष का होगा। उनकी नियुक्ति उस तिथि से प्रभावी मानी जाएगी, जिस दिन वह पंजाब विश्वविद्यालय के कुलपति के रूप में अपना कार्यभार संभालेंगे। अधिसूचना पर भारत के उपराष्ट्रपति के सचिव एवं पंजाब विश्वविद्यालय के कुलाधिपति के सचिव अमित खरे के हस्ताक्षर हैं। नियुक्ति संबंधी सूचना कार्रवाई के लिए पंजाब विश्वविद्यालय के कुलसचिव सहित केंद्र और पंजाब सरकार के संबंधित अधिकारियों तथा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग को भी भेजी गई है।



विधिक सेवा दिवस के अवसर पर विशेष प्रचार वाहन को हरी झंडी

- न्यायमूर्ति हरसिमरन सिंह ने किया रवाना, 9 से 15 नवम्बर तक चलेगा विशेष विधिक जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पंचकूला

विधिक सेवा दिवस के अवसर पर न्यायमूर्ति हरसिमरन सिंह सेठी, न्यायाधीश, पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय तथा कार्यकारी अध्यक्ष, हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (HALSA) ने सेक्टर 14, पंचकूला स्थित हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रशासनिक भवन से एक विशेष प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस पहल का उद्देश्य आमजन को निःशुल्क कानूनी सहायता, उनके कानूनी अधिकारों तथा विधिक सेवा प्राधिकरणों द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं सेवाओं के प्रति जागरूक करना है।

यह वाहन, जो कि हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा हाल ही में क्रय किया गया है, निःशुल्क कानूनी सहायता की उपलब्धता, कानूनी अधिकारों तथा विधिक सेवा प्राधिकरणों की विभिन्न महत्वपूर्ण पहलों से संबंधित जानकारीपूर्ण फ्लेक्स एवं बैनरों से विशेष रूप से सुसज्जित किया गया है। उक्त प्रचार वाहन एक सप्ताह तक - 9 नवम्बर से 15 नवम्बर तक जिला पंचकूला के विभिन्न स्थानों पर भ्रमण करेगा।

शहीद कैप्टन रोहित का शहीदी दिवस कल



पंचकूला। भारतीय सेना के वीर सपूत कैप्टन रोहित कौशल, शौर्य चक्र (सेना मेडल), का 31वां शहीदी दिवस बुधवार को सुबह 11 बजे पंचकूला के जालौली गांव में स्थित उनके शहीद स्मारक पर श्रद्धापूर्वक मनाया जाएगा। 18वीं पंजाब रेजिमेंट के कैप्टन रोहित कौशल ने 11 नवंबर, 1995 को जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में आतंकवादियों के विरुद्ध एक मुठभेड़ के दौरान देश की एकता एवं अखंडता की रक्षा करते हुए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया था। 5 अगस्त, 1968 को अंबाला छावनी में जन्मे कैप्टन रोहित, वीना शर्मा एवं एस.एस. कौशल के इकलौते पुत्र थे।

अंबाला छावनी के आजादी की पहली लड़ाई के स्मारक को देखने के लिए उत्साह

शहीद स्मारक की एक माह की फ्री बुकिंग चंद घंटों में पूरी

- पांच नवंबर को हुआ था उद्घाटन, एक दिन में 500 लोगों को देनी थी फ्री टिकट, अब जल्द ही शुल्क सहित बुकिंग होगी शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि अंबाला छावनी में बनाए गए आजादी की पहली लड़ाई के शहीद स्मारक की शुल्क सहित बुकिंग जल्द आरंभ की जाएगी।

विज ने मीडिया कर्मियों से बातचीत के दौरान बताया कि गृह मंत्री अमित शाह द्वारा इस स्मारक के लोकार्पण के पश्चात कुछ ही घंटे में निशुल्क एक महीने की पूरी बुकिंग हो गई है। उन्होंने कहा कि आजादी की पहली लड़ाई कांग्रेस के गठन से 28 वर्ष पूर्व लड़ी गई थी। उन्होंने कहा कि यह लड़ाई सशस्त्र लड़ी गई और दस्तावेजों के अनुसार इस लड़ाई की शुरुआत अंबाला छावनी से हुई और यह लड़ाई फिर पूरे देश में लड़ी गई।



विज ने कहा कि आजादी की पहली लड़ाई को समर्पित स्मारक अंबाला छावनी में बनाया गया है। उन्होंने कहा कि देश के गृहमंत्री अमित शाह ने 5 नवंबर को इस स्मारक का लोकार्पण किया है। उन्होंने कहा कि इस स्मारक को देखने के लिए अगले दिन से ही ऑनलाइन बुकिंग शुरू की गई थी और कुछ घंटे में ही पूरे महीने की बुकिंग हो गई है। एक महीने के लिए एक दिन में 500 लोगों को निशुल्क बुकिंग की सुविधा दी गई थी लेकिन अब से शुल्क सहित बुकिंग शुरू की जाएगी। अभी इसके लिए टिकटों के रेट तय होने हैं। इसे देखने में करीब पांच घंटे का औसत समय लगेगा।

एंबुलेंस में आग लगी, शीशा तोड़कर चालक बाहर निकला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पंचकूला

चंडीमंदिर थाने के बाहर मुख्य मार्ग पर सोमवार शाम एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। चंडीगढ़ से मरीज को छोड़कर लौट रही पारस अस्पताल की एंबुलेंस में अचानक आग लग गई। आग इतनी तेज थी कि अस्पताल स्टाफ द्वारा चलाए गए 10 फायर एक्सटिंग्विशर भी इसे बुझा नहीं सके। दमकल विभाग की गाड़ी जब तक मौके पर पहुंची, तब तक एंबुलेंस पूरी तरह जलकर खाक हो चुकी थी। जानकारी के अनुसार, पारस अस्पताल का एंबुलेंस ड्राइवर जतिन चंडीगढ़ के सेक्टर-32 स्थित सरकारी अस्पताल में मरीज को छोड़कर वापस आ रहा था। शाम करीब 7 बजे जब वह पारस अस्पताल से महज 100 मीटर की दूरी पर था तो उसे अचानक एंबुलेंस के इंजन से तेज धुआं निकलता दिखाई दिया। धुआं उठते ही ड्राइवर जतिन ने एंबुलेंस को सड़क किनारे रोककर इंजन बंद किया, लेकिन बंद करते ही लपटें भड़क उठी। ड्राइवर ने समझदारी दिखाते हुए तुरंत खिड़की का शीशा तोड़ा और बाहर कूदकर अपनी जान बचाई। एंबुलेंस में दो ऑक्सीजन सिलेंडर रखे हुए थे। आग ऑक्सीजन सिलेंडर तक पहुंचने की आशंका से अस्पताल स्टाफ और राहगीरों में अफरा-तफरी मच गई और सुरक्षा के लिहाज से लोग पीछे हट गए। गनीमत यह रही कि सिलेंडर फटे नहीं, वरना अस्पताल और थाने के मुहाने पर बड़ा हादसा हो सकता था। बाद में पहुंची दमकल की गाड़ी ने आग पर पूरी तरह काबू पाया।



14 जिले एनसीआर में होने के कारण हरियाणा के दिल्ली जाने वाले वाहन चालक ज्यादा प्रभावित

दिल्ली में पुराने वाहनों की नो एंट्री से बढ़ी टेंशन

- पर्यावरण प्रदूषण रोकने के लिए की जा रही कवायद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चंडीगढ़

दिल्ली में पुराने वाहनों की नो एंट्री और पर्यावरण को लेकर की जा रही सख्ती हरियाणा वालों के लिए अच्छी-खासी सिरदर्द साबित हो रही है। राज्य के 14 जिले एनसीआर में होने के कारण बीएस-एक से लेकर बीएस-4 तक वाहन मालिकों की रफ्तार पर ब्रेक लग गया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राव नरेंद्र और प्रभारी संजय दत्त का कहना है कि पर्यावरण को लेकर वे सख्ती के पक्ष में हैं लेकिन लोगों के भारी भरकम चालान के पक्ष में नहीं हैं, आने वाले वक्त में मामले को जोरशोर से उठाएंगे।

हरियाणा के आधे से ज्यादा जिले एनसीआर में आने के कारण हरियाणा वासियों को ज्यादा परेशानी हो रही है। राज्य के 14 जिले एनसीआर (नेशनल कैपिटल रीजन) में आते हैं। राज्य के उच्च प्रशासनिक अफसरों और राजनेताओं ने प्रयास भी किए लेकिन जिलों को एनसीआर से बाहर नहीं करा सके। यहां पर बता दें कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना बोर्ड की जून माह के दूसरे सप्ताह में बैठक के दौरान की 42वीं बैठक में जिलों को एनसीआर से बाहर करने के प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया गया था। केंद्रीय विद्युत और आवास शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल की अध्यक्षता में बैठक में दिल्ली की सीएम और हरियाणा सीएम सहित राज्य व केंद्र के वरिष्ठ अफसरों ने हिस्सा लिया। अहम बैठक में दिल्ली एनसीआर का दायरे में कोई परिवर्तन नहीं हो सका था। साथ ही पांच जिलों को एनसीआर से बाहर करने पर विराम लग गया था। अर्थात एनसीआर क्षेत्र में कोई परिवर्तन नहीं करने का फैसला सुना दिया गया था।

कुल मिलाकर पुराने वाहनों की दिल्ली एनसीआर एरिया में नो एंट्री के साथ ही ईवी,बीएस-6 नमो भारत के विस्तार पर जोर दिया जा रहा है। पर्यावरण को सुधारने के लिए तीन श्रेणियों में बंदिशों को लागू करने का फैसला हुआ था। एनसीआर क्षेत्र में सड़कों पर दौड़ रहीं बीएस 1, 2, 3 को सड़कों से हटाने का काम किया जाएगा।

जनता के भारी भरकम चालान ज्यादती : राव

हरियाणा कांग्रेस अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह और कांग्रेस हरियाणा प्रभारी संजय दत्त का कहना है कि पर्यावरण को लेकर उठाए जा रहे कदमों से वे सहमत हैं, साथ ही पुलिस प्रशासन को सहयोग कर रहे हैं लेकिन जनता के साथ में ज्यादती और भारी भरकम चालान ठीक नहीं हैं। बड़ी संख्या में गांव देहात के लोगों को जानकारी का अभाव है। साथ ही बड़ी संख्या में बीएस-4 वाहन रखने वाले काफी लोग परेशानी उठा रहे हैं, जबकि उनके वाहनों की हालत ठीक है।

बीएस 6 से नीचे के वाहन मान्य नहीं

दिल्ली में एक नवंबर से बीएस-6 से नीचे के मानक वाली गाड़ियों की एंट्री पर पूरी तरह से रोक लगा दी गई है। इस क्रम में गुरुग्राम, फरीदाबाद, सोनीपत झज्जर अन्य जिलों से हजारों वाहन चालक जाते हैं लेकिन एक दिन पहले एक नवंबर से उनके लिए बॉर्डर पार करना आर्थिक मार का कारण बन गया है। अब कैमरों से ही 20 हजार तक के चालान हो रहे हैं। प्रतिबंधित गाड़ी लेकर दिल्ली पहुंचने पर चालान कट रहे हैं। एएनपीआर कैमरों से नंबर प्लेट स्कैन कर गाड़ियों के इंजन स्टैंडर्ड की पहचान की जा रही है। ऐसे में बीएस-3 पेट्रोल, 4 डीजल कारों और गैर- बीएस-6 कॉमर्शियल वाहनों पर रोक लगा दी गई है। बाइक और स्कूटर को लेकर बताया गया है कि पाबंदी केवल चार पहिया और कमर्शियल वाहनों पर लागू है।

दिवाली पर चंडीगढ़ में घायल हुए 1500 लोग, 189 पटाखों से जले, 37 की आंख में चोट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चंडीगढ़

तमाम जागरूकता के बावजूद दिवाली पर आतिशबाजी की वजह से करीब 1500 मरीज घायल होकर अस्पताल पहुंचे। इनमें से आंखों में चोट के 37 मरीज रहे। वहीं, जलने के 189 और सड़क हादसों के 47 मरीज चंडीगढ़ के विभिन्न अस्पतालों में पहुंचे। चंडीगढ़ पीजीआई के प्लास्टिक सर्जरी विभाग में 7 मरीजों को इलाज के लिए लाया गया। इनमें 4 मरीजों के हाथ में पटाखे फटने से गंभीर चोटें आईं, जबकि 3 मरीजों के कपड़ों में आग लगने से वे झुलस गए। सभी मरीजों का इलाज पीजीआई के प्लास्टिक सर्जरी विभाग में चल रहा है।

चंडीगढ़ के दूसरे अस्पतालों में दिवाली के दिन 1,450 मरीज पहुंचे हैं। इसमें जलने के 189, आंखों में चोट के 37 और सड़क हादसों के 47 मामले सामने आए हैं। इनमें से आंखों के एक मरीज को चंडीगढ़ पीजीआई में रेफर किया गया है। जलने के सबसे ज्यादा मामले गवर्नमेंट मेडिकल सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, सेक्टर-16 में पहुंचे हैं। इनकी संख्या 87 है, जबकि आंखों में चोट के 29 मामले इस अस्पताल में सामने आए हैं।

कपड़ों में आग लगने से 15 से 20% तक झुलसे

पटाखों से जुड़े हादसों में 3 अन्य मरीजों को थर्मल बर्न यानी आग की गर्मी से जलने की चोटें आई हैं। इन मरीजों के कपड़ों में आग लग गई थी, जिससे उनके शरीर पर करीब 15 से 20 प्रतिशत तक जलने के घाव हुए हैं। इन तीनों मरीजों को पीजीआई के प्लास्टिक सर्जरी विभाग के बर्न हाई डिपेंडेंसी यूनिट में भर्ती किया गया है। यहां डॉक्टरों की निगरानी में उनका इलाज किया जा रहा है।

धर्म

5 से 25 दिसंबर 2026 तक होगा अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव का भव्य आयोजन

पश्चिम बंगाल की दिखेगी संस्कृति, हरियाणवी सांग का जमेगा रंग

- 14 से 20 दिसंबर तक होगा मुख्य कार्यक्रमों का आयोजन,ज्योतिसर में भी होगी सांस्कृतिक संध्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चंडीगढ़

कुरुक्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि भारतीय ज्ञान, संस्कृति, आध्यात्मिकता और सामाजिक समरसता का वैश्विक उत्सव है। इस वर्ष महोत्सव में आने वाले प्रत्येक श्रद्धालु और पर्यटक को यादगार अनुभव मिले तथा कुरुक्षेत्र की पहचान विश्व के सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक मानचित्र पर और अधिक मजबूत हो। अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव का भव्य आयोजन इस वर्ष 5 दिसंबर से 25 दिसंबर 2026 तक किया जाएगा। प्रवक्ता ने बताया कि इस अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव 2026 में मुख्य एवं प्रमुख कार्यक्रम 14 दिसंबर से 20 दिसंबर तक आयोजित होंगे। इस वर्ष महोत्सव में पार्टनर राज्य पश्चिम बंगाल रहेगा, जिसकी कला-संस्कृति की विशेष झलक महोत्सव में देखने को मिलेगी। इस बार अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों को और अधिक भव्य और विविध बनाया जाएगा। मुख्य मंच के साथ ज्योतिसर में भी सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, ताकि ज्योतिसर आने वाले श्रद्धालुओं को भी सांस्कृतिक विरासत से जोड़ा जा सके। उन्होंने कहा कि महोत्सव के दौरान स्वच्छता व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। ब्रह्मसरोवर, ज्योतिसर सहित सभी प्रमुख स्थलों पर साफ-सफाई, पेयजल, सुरक्षा, यातायात और अन्य मूलभूत सुविधाओं के बेहतर प्रबंध सुनिश्चित किए जाएंगे ताकि श्रद्धालुओं और पर्यटकों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

प्रदेश के प्रसिद्ध सांगियों को गीता जयंती पर करेंगे आमंत्रित

प्रवक्ता ने कहा कि इस बार गीता जयंती महोत्सव में हरियाणवी संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए विशेष रूप से सांग महोत्सव (सांग उत्सव) का आयोजन किया जाएगा। इसमें प्रदेश के प्रसिद्ध सांगियों द्वारा प्रस्तुतियां दी जाएंगी। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि सभी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की समय पर तैयारी पूरी कर लें और कलाकारों के चयन में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। हरियाणा की प्राचीन लोकनाट्य परंपरा सांग को विशेष मंच प्रदान करके प्रदेश की समृद्ध लोक संस्कृति और पारंपरिक कला को प्रोत्साहित किया जाएगा। सांग कलाकारों के माध्यम से सामाजिक, धार्मिक और सांस्कृतिक विषयों को रोचक अंदाज में प्रस्तुत किया जाएगा। इससे नई पीढ़ी को हरियाणा की पारंपरिक लोककलाओं से जुड़ने का अवसर भी मिलेगा।

अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 CrPc/84BNSS देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सोनू उर्फ हिम्मत उर्फ चीकू पुत्र रेख सिंह निवासी गांव बखेता, थाना सांपला, जिला रोहतक, हरियाणा** ने **FIR No. 692/2021 U/S 308/341/34 IPC, अन्तर्गत थाना हरि नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सोनू उर्फ हिम्मत उर्फ चीकू** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सोनू उर्फ हिम्मत उर्फ चीकू** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये खुद को छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उदघोशणा की जाती है कि **FIR No. 692/2021 U/S 308/341/34 IPC, अन्तर्गत थाना हरि नगर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **सोनू उर्फ हिम्मत उर्फ चीकू** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **16.12.2026** को बजे या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
श्री धीरज मित्तल
अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश 04
पश्चिम, कमरा नं. 216, दूसरी मंजिल
तीस हजारी न्यायालय, दिल्ली

DP/16206/WD/2026(Court Matter)

हीरो मना रहा है भारत की कला शैलियों का जश्न.
पेश है बिहार के **श्रवण पासवान** की **मधुबनी कला.**

Hero

हीरो संग त्योहार है हर कहीं...

भाई दूज की शुभकामनाएँ





HF Deluxe Pro | STARTING EX-SHOWROOM PRICE ₹62 924



Destini | STARTING EX-SHOWROOM PRICE ₹74 999

ऑफर केवल आखिरी 2 दिनों के लिए वैध है

सोने का सिक्का और बहुत कुछ जीतने का मौका पाएं@

कैश डिस्काउंट ₹2100~ तक

इंस्टेंट कैशबैक ₹10000^ तक SBI card HDFC BANK pine labs

एक्सचेंज बोनस ₹4000~ तक

कम डाउन पेमेंट ₹999^ से शुरू

कॉर्पोरेट ऑफर्स ₹3200~ तक

For bulk / institutional inquiries, please write to us at : institutionalsales@heromotocorp.com | Available in CSD

INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY* *Conditions apply

Hero GoodLife

Also Available on: Flipkart amazon.in

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. I CIN: L35911DL1984PLC017354 I For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorized outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ~Offer amount and combination of offer may vary for model/variant and states and it is applicable on select models only, for a limited time period or till stock lasts. Cash discount, Exchange & Corporate offer are exclusive and can't be availed together ^Finance/Card offer are at the sole discretion of the financier/bank, Subject to their respective T&Cs, Offer available only on limited stores. @Offer is only for New Goodlife members, Limited period offer-T&C apply. Ex-showroom price of Destini 110 VX & HF Deluxe Kick in Haryana.

TOLL FREE 1800 266 0018

Authorised Dealers: Ambala Cantt: Haryana Motors- 9289923122; **Ambala City:** Dhruv Hero- 9289922868; **Assandh:** Sandhu Hero- 9996571157; **Bahadurgarh:** Satvik Hero- 9289922550 **Bhiwani:** Jaya Hero- 9289922056; **Ellenabad:** Ajit Hero- 9289922505; **Fatehabad:** Shri Balaji Hero- 9289922057; **Gharaunda:** Laxmi Hero- 9289922433; **Gohana:** Krishna Hero- 9289923026; **Hisar:** Chaudhary Hero- 9289922049, Vikrant Hero- 9289923082; **Jhajjar:** Pushkar Hero- 9289923147; **Jagadhari:** Khanna Hero- 9289922050; **Jind:** National Hero - 9289922061; **Kaithal:** Chaudhary Hero- 9289922062; **Karnal:** Nirmal Hero- 9289922048; **Kurukshetra:** VPS Hero- 9289922988; **Ladwa:** Khanna Hero- 9289922063; **MandiDabwali:** Karan Hero- 9289922490; **Nuh:** Sunil Hero- 9289923087; **Narnaul:** Autodeals Hero- 9289922058; **Narwana:** Narwana Hero- 9289923101; **Palwal:** DevVaahan Hero- 9289922877; **Panipat:** Kadian Hero- 9289923182, Sahib Hero- 9289922059; **Pehowa:** Saraswati Hero- 9289922393; **Panchkula:** Regent Hero- 9289923161; **Rewari:** Virendra Hero- 9289922060; **Rohtak:** Shivam Hero- 9289922047; **Sirsa:** Khanna Hero- 9289923195; **Sonipat:** Madaan Hero - 9289922865; **Yamuna Nagar:** Rohit Hero- 9289922394; **Hansi:** Sunil Motors- 9821744694; **Gurugram:** Sec–18, Noble Enclave: Globe Agencies- 9289233915, **Badshahpur:** Himgiri Hero- 9289923046, **Basai Road Sector 11:** Sharma Hero- 9289923221, **Mehrauli Rd Sector 15:** Autoneeds Hero- 9289922051, **Rajeev Chowk:** Jasodha Hero- 9289922495, **Wazirabad:** Himgiri Hero- 9289924247, **Railway Road:** Himgiri Hero- 9289924248; **Sohna:** No. 160/2 Delhi Road: Auto Links Hero- 9289924089; **Faridabad:** Sehgal Hero- 9289922419, **NIT:** Sehgal Hero- 7217627327, **Neelambata Road:** VPS Jindal Motors, 9289235889.

Cheil 33547/26

खबर संक्षेप

पटाखों के शोर से सात भैंसों का गर्भपात, सभी कटड़े-कटड़ी मरे

कैथल। जिले के गांव ग्योंग में दीपावली पर पटाखों के तेज धमाकों से पशुपालकों को भारी नुकसान उठाना पड़ा। आरोप है कि आतिशबाजी के शोर से घबराकर सात गर्भवती भैंसों की समय से पहले डिलीवरी हो गई और गर्भ में पल रहे सभी कटड़े-कटड़ी की मौत हो गई। भैंसें दो से आठ महीने तक गाभिन थीं। पशुपालक गुरुदेव सिंह, सुरेंद्र और अन्य ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने बड़े पटाखे नहीं चलाने की अपील की थी, लेकिन इसके बावजूद तेज धमाके किए गए। अब भैंसों का उपचार करवाया जा रहा है। एक भैंस की कीमत डेढ़ लाख रुपये से अधिक बताई गई है। पशुपालकों ने सरकार से मांग की है कि पटाखों के लिए ध्वनि मानक तय किए जाएं और तेज धमाके करने वाले पटाखों पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाया जाए।

गुरुग्राम में पकड़े 15 बांग्लादेशी नागरिक

गुरुग्राम। पुलिस की पीओ स्टाफ टीम ने अवैध रूप से रह रहे 15 बांग्लादेशी नागरिकों को हिरासत में लिया है। पकड़े गए घुसपैठियों में 14 पुरुष और एक महिला शामिल है। यह पूरी कार्रवाई बजघेड़ा थाना क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चलाकर की गई है। पुलिस ने इन सभी को मानेसर स्थित डिटेंशन सेंटर भेज दिया है। पुलिस टीम की प्रारंभिक पूछताछ और जांच-पड़ताल में जो खुलासा हुआ है, वह सुरक्षा एजेंसियों के कान खड़े करने वाला है। हिरासत में लिए गए ये सभी 15 नागरिक बांग्लादेश के अलग-अलग जिलों के रहने वाले हैं। उन्होंने पूछताछ में कबूला कि वे भारत-बांग्लादेश सीमा पर सक्रिय मानव तस्करों के संपर्क में आए थे।

गुरुग्राम में सड़क पर भटकते बच्चे का रेस्क्यू

गुरुग्राम। सेक्टर-56 इलाके में बदहवास घूम रहे पांच साल के बच्चे का पुलिस ने रेस्क्यू कर दो घंटे में उसके परिजनों को ढूंढ निकाला। यह मासूम बच्चा न तो पेरेंट्स का नाम, पता बता पा रहा था और न ही किसी का मोबाइल नंबर पता था। पुलिस टीम की टॉफी और अन्य खाने का सामान देकर बहलाया और पहचान संबंधी जानकारी ली। जिसके बाद पुलिस को बच्चे ने कुछ धुंधली जानकारी शेयर की। पुलिस पूछताछ में पता चला कि पांच वर्षीय बच्चे का नाम मोहम्मद गुरफान है। बच्चे से प्यार से पूछताछ कर और आसपास के रिहायशी इलाकों में सघन तलाशी अभियान चलाकर पुलिस ने महज दो घंटे में परिजनों को खोज निकाला।

कम्युनिटी सेंटर से 1750 किलोग्राम सरिया चोरी



गुरुग्राम। जिले के गांव खेड़ा खुरमपुर में निर्माणाधीन कम्युनिटी सेंटर से करीब 1750 किलो लोहे का सरिया चोरी करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने उनके पास से 5 हजार रुपए बरामद भी किए हैं। पुलिस के मुताबिक, 21 जुलाई 2026 को कम्युनिटी सेंटर से अज्ञात लोगों ने सरिया चोरी किया था। 23 जुलाई को शिकायत मिलने पर फर्रुखनगर थाने में मामला दर्ज किया गया। अपराध शाखा फर्रुखनगर की टीम ने 8 नवंबर को पंचगांव चौक, एनएच-48 से दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। उनकी पहचान नूंह जिले के गांव सुनारी निवासी राशिद और साहिल के रूप में हुई है। साहिल पर नूंह जिले में शस्त्र अधिनियम के तहत पहले भी मामला दर्ज है।

पटाखे जलाने के विवाद में बरवाला और तरावड़ी में दो लोगों की हत्या

बरवाला में चाकुओं से और तरावड़ी में कस्सी से दिया वारदात को अंजाम

■ एक की हालत गंभीर, वाल्मीकि चौक पर शराब ठेके के सामने चौबारे में भिड़े दो पक्ष, चार-पांच युवकों ने किया हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बरवाला

दीपावली की देर रात पटाखे चलाने को लेकर हुए विवाद में चार-पांच युवकों ने चाकू से हमला कर गांव



मतलोढ़ा निवासी मनदीप (40) की हत्या कर दी। हमले में एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे अग्रोहा मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया गया है। पुलिस ने मृतक के साले अमित की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ हत्या सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज कर लिया है।

थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार के अनुसार, वारदात रात करीब 11 बजे वाल्मीकि चौक स्थित शराब ठेके के सामने एक चौबारे में हुई। वहां दो पक्षों के युवक शराब पी रहे थे। एक पक्ष में तीन और दूसरे पक्ष में चार-पांच युवक थे। पटाखे चलाने को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और दूसरे पक्ष के युवकों ने चाकुओं से हमला कर दिया। इसके बाद दोनों पक्ष चौबारे से नीचे मुख्य सड़क पर आ गए। वाल्मीकि चौक के पास चाकू के कई वार लगने से मनदीप की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए और वीडियोग्राफी व फोटोग्राफी की। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें गठित कर संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है।



राइस मिल में दो श्रमिक गुटों में खूनी संघर्ष, फोरमैन समेत कई पर केस दर्ज

तरावड़ी। दीपावली पर पटाखे चलाने को लेकर शुरू हुआ विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। गांव सग्गा स्थित एग्रो राइस मिल में दो श्रमिक गुटों



के बीच हुई मारपीट में ठेकेदार राधेश्याम (45) निवासी नाथपुर, बिहार की मौत हो गई। आरोप है कि झगड़े के दौरान फोरमैन रामभरोसे ने राधेश्याम के सिर पर कस्सी से वार किया। पुलिस ने सिक्योरिटी गार्ड की शिकायत पर फोरमैन रामभरोसे, अखिलेश, अश्वनी, लाल बाबू समेत अन्य के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार, दोनों पक्षों के बीच दीपावली की रात पटाखे चलाने को लेकर कहासुनी हुई थी। एक पक्ष बॉयलर और दूसरा मिलिंग प्लांट पर काम करता है। बॉयलर पर काम करने वाले श्रमिकों का फोरमैन रामभरोसे, जबकि मिलिंग प्लांट के श्रमिकों का ठेकेदार राधेश्याम था। विवाद बढ़ने पर दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और मारपीट शुरू हो गई। इसमें राधेश्याम गंभीर रूप से घायल हो गया और उसकी मौत हो गई। गांव सांमली निवासी सिक्योरिटी गार्ड अजय कुमार ने पुलिस को बताया कि रात करीब नौ बजे उसे झगड़े की सूचना मिली। जब वह मौके पर पहुंचा तो राधेश्याम की मौत हो चुकी थी। शिकायत के आधार पर पुलिस ने रात करीब ढाई बजे केस दर्ज किया। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी जगदीश पांडे और डीएसपी सोनू नरवाल मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल से खून से सनी कस्सी बरामद की। एफएसएल टीम ने भी मौके से साक्ष्य जुटाए। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

खरखौदा में दिवाली की रात युवक को लाठी-डंडों से पीटकर मार डाला

सोनीपत/खरखौदा। दीपावली की रात पुरानी रंजिश के चलते आंबेडकर पार्क में तीन दोस्तों पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया गया। हमले में वार्ड-13 निवासी दीपक (38) की मौत हो गई, जबकि उसके दो



साथी धोलू और हर्ष घायल हो गए। सोमवार सुबह करीब चार बजे दीपक का शव पार्क में पड़ा मिला। पुलिस ने मृतक के भाई की शिकायत पर संजय, अमित, यश समेत अन्य के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया है। मृतक के भाई सौरभ के अनुसार, रविवार रात दीपक अपने दोस्तों के साथ पटाखे चलाने पार्क गया था। वहां हर्ष की संजय, अमित और यश के साथ पहले कहासुनी हुई थी। आरोप है कि इसी रंजिश में आरोपित अपने साथियों के साथ पार्क पहुंचे और तीनों पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। दोस्तों ने बताया कि हमलावर दोबारा पार्क पहुंचे और फिर हमला किया। जान बचाकर धोलू और हर्ष भाग निकले, जबकि दीपक हमलावरों के बीच घिर गया। आरोप है कि उसकी बेरहमी से पिटाई की गई। बाद में उसका शव पार्क में मिला। उसके सिर पर गंभीर चोटें थीं। दीपक हार्डवेयर की दुकान पर काम करने के साथ मजदूरी भी करता था और अविवाहित था। थाना प्रभारी अनिल कुमार ने बताया कि केस दर्ज कर आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें दबिश दे रही हैं।



15 गोलियां मारकर युवक की हत्या, जांच में जुटीं छह टीमें

दिल्ली-जयपुर एक्सप्रेसवे की सर्विस लेन पर सिधरावली गांव में वारदात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरुग्राम

सिधरावली गांव में सोमवार सुबह बदमाशों ने गांव के ही दीपक उर्फ



दीपू (35) की गोलियां मारकर हत्या कर दी। हमलावरों ने दिल्ली-जयपुर एक्सप्रेसवे की सर्विस लेन पर गांव के बस अड्डे के पास उसकी स्विफ्ट कार को दूसरी गाड़ी से ओवरटेक कर रोका और ड्राइविंग सीट पर बैठे दीपक पर फायरिंग की। दीपक को करीब 15 गोलियां लगी हैं। वारदात में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सुबह करीब 8 बजे राहगीरों ने कार में उसका लहूलुहान शव देखा तो पुलिस को सूचना दी। दीपक अशोक राठी गैंग का सक्रिय सदस्य था और उस पर गैंगस्टर अशोक राठी की पत्नी सुषमा की हत्या का भी आरोप था। दीपक के चाचा की शिकायत पर थाना बिलासपुर में अज्ञात आरोपी के खिलाफ हत्या की धाराओं में केस दर्ज किया गया है। आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस की 6 टीमें लगाई गई हैं। सोमवार सुबह सिधरावली गांव के बस अड्डे के पास फुट ओवरब्रिज के निकट मारुति स्विफ्ट कार खड़ी मिली। दीपक कार की ड्राइविंग सीट पर मृत पड़ा था। उसने सीट बेल्ट लगा रखी थी।

खाना मांगने पर विवाद, ढाबे पर युवक के सिर में सटाकर मारी गोली, मौत

पलवल। दीपावली की रात नेशनल हाईवे-19 स्थित मिलन ढाबे पर खाना ऑर्डर करने को लेकर हुए विवाद में 24 वर्षीय युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। आरोप है कि ढाबा संचालक और उसके साथियों से कहासुनी के बाद मारपीट शुरू हो गई। इसी दौरान एक आरोपी ने रोहित के सिर की बाईं ओर पिस्टल सटाकर गोली मार दी। गंभीर हालत में उसे फरीदाबाद के निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। फरीदाबाद के बल्लभगढ़ निवासी रोहित दीपावली मनाने दोस्तों के साथ

■ दिवाली की रात दोस्तों संग गया था मिलन ढाबा, इकलौता बेटा था रोहित



आया था। शिकायतकर्ता मोहित के अनुसार, रात करीब तीन बजे वह हेमंत के साथ ढाबे पर खाना लेने पहुंचा। वहां ढाबा मालिक मनीष ठाकुर और उसके साथी शराब पी रहे थे। खाना मांगने पर मनीष ने पहले हंसराज को लाने की बात कही। इसके बाद मोहित अपने चाचा और दोस्तों को लेकर दोबारा ढाबे पर पहुंचा। आरोप है कि वहां मनीष, पप्पी डागर, गौतम तेवतिया और चैनु ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। इसी दौरान पप्पी डागर ने रोहित को गोली मार दी। अन्य साथियों के साथ भी मारपीट की गई। पुलिस ने ढाबा मालिक समेत चार नामजद और 12-13 अन्य के खिलाफ हत्या व आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। मामले की जांच जारी है।

जेल परिसर में फेंकी स्मैक व सुल्फे से भरी कॉस्को गेंद

एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जिला जेल परिसर में बंदियों तक नशीले पदार्थ पहुंचाने की कोशिश का मामला सामने आया है। दिवाली से दो दिन पहले जेल के ब्लॉक नंबर-4 के पीछे संदिग्ध गेंद मिली। जेल कर्मचारियों ने जांच की तो उसमें 4 ग्राम स्मैक और 42 ग्राम सुल्फा बरामद हुआ। जेल प्रशासन की शिकायत पर थाना सदर पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जेल उपाधीक्षक वीरेंद्र सिंह के अनुसार, गश्त के दौरान कर्मचारियों को परिसर में पड़ी गेंद संदिग्ध लगी। इसकी जांच कराई गई तो उसमें पाउडर और गोलियां मिलीं।

परीक्षण में नशीले पदार्थों की पुष्टि हुई। इसके बाद मामले की सूचना थाना सदर पुलिस को दी गई। प्रारंभिक आशंका है कि जेल में बंद कैदियों तक नशा पहुंचाने के लिए बाहर से गेंद फेंकी गई थी। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि गेंद किसने और किन परिस्थितियों में जेल परिसर में फेंकी।

बम व पटाखों के छर्रे लगने से महिला की मौत

मकान के बाहर खड़ी होकर बम व पटाखों को फूटते हुए देख रही थी, गले में धंसे छर्रे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सेक्टर नौ में बीती रात मकान के बाहर खड़ी महिला के गले में पटाखा लगने से मौत हो गई। सिविल लाइन थाना पुलिस मृतका के शव का चिकित्सक बोर्ड से पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है।

पुलिस मामले की जांच कर रही है। मूलतः गांव ज्ञानपुरा हिसार, हाल सेक्टर नौ निवासी संदीप की पत्नी पूनम (39) बीती देर रात को अपने मकान के बाहर दीपावली पर्व पर आसपास फोड़े जा रहे पटाखे देख रही थी।

चिकित्सकों के बोर्ड ने किया पोस्टमार्टम

इसी दौरान पूनम के गले पर कोई बम या पटाखे जैसी वस्तु आ टकराई। जिसमें पूनम गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजनों द्वारा उसे नागरिक अस्पताल लाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पाकर सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा लिया। आशंका जताई जा रही है कि किसी पटाखे या बम का छर्रा महिला के गले में घुसा है। जिससे महिला की मौत हो गई। मृतका के पति संदीप ने पुलिस को बताया कि वह टावरों की कंपनी में इंजीनियर है। जबकि उसकी पत्नी पूनम गृहिणी थी। बीती देर रात को उसकी पत्नी बेटी के साथ मकान के



बाहर खड़ी हुई थी। त्यौहार के कारण सड़क पर बम व पटाखे भी फोड़े जा रहे थे। उसी दौरान उसकी पत्नी के गले पर कुछ लगा। जिसमें वह घायल हो गई। अस्पताल में ले जाने पर उसकी मौत हो गई। शहर थाना पुलिस ने मृतका के शव का खानपुर पीजीआई में चिकित्सक बोर्ड से पोस्टमार्टम करा परिजनो को सौंप दिया है। सिविल लाइन थाना के जांच अधिकारी टिंकू ने बताया कि महिला के गले पर कुछ लगा है। जिसमें महिला की मौत हुई। चिकित्सकों के बोर्ड से पोस्टमार्टम खानपुर पीजीआई करवाया गया है। रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणो को खुलासा हो पाएगा।

टोल प्लाजा पर कर्मचारियों ने परिवार को बूम बैरियर से पीटा

गुरुग्राम। द्वारका एक्सप्रेसवे स्थित बिजवासन टोल प्लाजा पर मामूली कहासुनी के बाद जमकर बवाल हो गया। आरोप है कि टोल कर्मचारियों ने कार सवार परिवार पर बूम बैरियर से हमला कर दिया। परिवार के दो पुरुषों और एक महिला को कर्मचारियों ने बेरहमी से पीटा। परिवार के सदस्य बचने के लिए चिल्लाते रहे, लेकिन कर्मचारी उन पर बूम बैरियर से लगातार वार करते रहे। इस पूरी घटना को दूसरी लेन में मौजूद एक महिला ने अपने मोबाइल में रिकॉर्ड कर लिया। वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आने के बाद मामला चर्चा में आ गया। दिल्ली की कापसहेड़ा थाना पुलिस ने वीडियो का संज्ञान लेते हुए जांच शुरू कर दी है। पुलिस टीम टोल प्लाजा पहुंची और वहां लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। पुलिस का कहना है कि पुलिस अपने स्तर पर मामले की जांच कर रही है।

रिटायर्ड लेफ्टिनेंट कर्नल की मेजर पत्नी ने की खुदकुशी, पंचकूला के फ्लैट में मिला शव

दीपावली मनाकर दिल्ली से परिवार के साथ लौटी थी महिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौद

पंचकूला। पंचकूला की डीएलएफ वैली में एक सैन्य अधिकारी की पत्नी द्वारा आत्महत्या किए जाने का मामला सामने आया है। मृतका की पहचान मेजर शिखा वर्मा के रूप में हुई है। वह रिटायर्ड लेफ्टिनेंट कर्नल पीयूष वर्मा की पत्नी थीं। घटना के समय परिवार फ्लैट में ही मौजूद था। सूचना मिलने पर अमरावती पुलिस चौकी की टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। फिलहाल महिला द्वारा यह कदम उठाने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। जानकारी के अनुसार, परिवार दीपावली मनाने के लिए दिल्ली के जनकपुरी गया हुआ था। रविवार रात को ही पति-पत्नी अपने बच्चे के साथ पंचकूला स्थित आवास पर लौटे थे। घर पहुंचने के बाद परिवार सोने चला गया। इसी दौरान पति के सोने के बाद शिखा दूसरे कमरे में चली गईं। कुछ समय बाद वह कमरे में संदिग्ध परिस्थितियों में मृत मिलीं। घटना का पता चलने पर परिवार में हड़कंप मच गया।

रोहतक की रहने वाली थी शिखा वर्मा

पुलिस के अनुसार, पीयूष वर्मा अपनी पत्नी और पांच वर्षीय बेटे के साथ पिछले करीब दो साल से डीएलएफ वैली में किराए के फ्लैट में रह रहे थे। पीयूष वर्मा मूल रूप से दिल्ली के जनकपुरी के रहने वाले हैं। सेना से सेवानिवृत्ति के बाद वह फिलहाल चंडीमंदिर कैंट में कार्यरत हैं। वहीं, उनकी पत्नी शिखा वर्मा मूल रूप से रोहतक की रहने वाली थीं। घटना की सूचना मिलने के बाद अमरावती पुलिस चौकी प्रभारी प्रीतम सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई शुरू की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाने की प्रक्रिया अपनाई। चौकी प्रभारी प्रीतम सिंह ने बताया कि महिला की आत्महत्या की पुष्टि हुई है, लेकिन इसके पीछे की वजह अभी स्पष्ट नहीं है। रोहतक में रहने वाले मृतका के मायके पक्ष को सूचना दे दी गई है। परिजनों के पंचकूला पहुंचने और उनके बयान दर्ज होने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है।

ट्रैक्टर की टक्कर लगने से गई बाइक सवार दो युवकों की जान

यमुनानगर। छछरौली थाना क्षेत्र के गांव मुकारमपुर के पास तेज रफ्तार ट्रैक्टर की टक्कर लगने से बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। पुलिस ने दोनों शबों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने ट्रैक्टर चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार गांव डारपुर निवासी संजीव कुमार ने बताया कि उनके गांव का ही 20 वर्षीय कृष्ण पाल अपने दोस्त गांव के ही 25 वर्षीय सुनील कुमार के साथ सात नवंबर को बाइक पर किसी काम से गया था। शाम करीब साढ़े पांच बजे जब वह बाइक पर घर लौट रहे थे तो गांव मुकारमपुर के पास तेज रफ्तार से आ रहे ट्रैक्टर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से कृष्ण पाल व सुनील कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगिरों ने दोनों घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां पर डॉक्टरों ने जांच के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने दोनों शबों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने आरोपी ट्रैक्टर चालक प्रीतम के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

एक करोड़ रुपये की हेरोइन के साथ कार सवार युवक गिरफ्तार

■ रतिया-भूना रोड पर नाकाबंदी के दौरान सीआईए ने की कार्रवाई, आरोपी दो दिन के पुलिस रिमांड पर

फतेहाबाद। नशा तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए सीआईए रतिया पुलिस ने एक करोड़ रुपये से अधिक कीमत की 504 ग्राम हेरोइन बरामद की है। पुलिस ने मौके से एक तस्कर को गिरफ्तार कर तस्करी में इस्तेमाल की जा रही काले रंग की हुंडई आई-20 कार भी जब्त की है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान लखविंद्र सिंह उर्फ प्रवीण निवासी गांव मिराना के रूप में हुई है। वह फिलहाल रतिया की शिमलापुरी कॉलोनी में रह रहा था।डीएसपी रतिया कुलवंत सिंह ने सोमवार को पत्रकारों को बताया कि सीआईए रतिया के एएसआई राजेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम को नशा तस्करी की गुप्त सूचना मिली थी। इसके आधार पर टीम ने रतिया-भूना रोड पर मुंशीवाली नहर पुल के पास नाकाबंदी कर वाहनों की जांच शुरू की।



इसी दौरान संदिग्ध काले रंग की आई-20 कार को रुकवाकर तलाशी ली गई। कार में रखे प्लास्टिक के लिफाफे से 504 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया।इस संबंध में थाना शहर रतिया में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है।सप्लायरों तक पहुंचने के लिए पूछताछडीएसपी ने बताया कि आरोपी को अदालत में पेश कर दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पूछताछ में पता लगाया जा रहा है कि हेरोइन कहां से लाई गई थी और इसकी सप्लाई कहां की जानी थी। पुलिस का प्रयास इस नेटवर्क से जुड़े बड़े सप्लायरों और अन्य लोगों की पहचान करना है।

टिंडर एप से दोस्ती कर वारदात को अंजाम देती थीं महिलाएं

नशीला पदार्थ पिलाकर रेप केस में फंसाने की धमकी दे वसूली करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद

क्राइम ब्रांच बड़खल की टीम ने प्रभारी इंस्पेक्टर अनिल छिल्लर के नेतृत्व में कार्रवाई करते हुए एक अंतरराज्यीय गिरोह की दो महिला आरोपियों को काबू करने में सफलता हासिल की है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि दोनों महिला आरोपी आपस में मां-बेटी हैं और बेहद शातिर तरीके से वारदातों को अंजाम देती थीं। आरोपी टिंडर ऐप के माध्यम से लोगों को दोस्ती एवं फ्रेंडशिप के झूठे अनुरोध भेजकर अपने संपर्क में लाती थीं। इसके बाद उन्हें मिलने के बहाने होटल में बुलाया जाता था। होटल में मुलाकात के दौरान आरोपियों द्वारा पीड़ितों को नशीला पदार्थ पिलाकर उनके साथ लूटपाट की जाती थी और वारदात के बाद मौके से फरार हो जाती थीं।



जांच में जुटी पुलिस

प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों द्वारा अंडमान, सूरत तथा दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में भी इस प्रकार की वारदातों को अंजाम देने की जानकारी सामने आई है। पुलिस द्वारा आरोपियों से गहन पूछताछ की जा रही है, ताकि उनके द्वारा की गई अन्य वारदातों, गिरोह से जुड़े अन्य व्यक्तियों तथा लूट एवं अवैध वसूली से संबंधित मामलों का पता लगाया जा सके।

आर्थिक रूप से समृद्ध लोगों को बनाती थीं शिकार

इसके अतिरिक्त जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपी महिलाओं द्वारा ऐसे व्यक्तियों को निशाना बनाया जाता थाए जिनकी आर्थिक स्थिति अच्छी प्रतीत होती थी। ऐसे व्यक्तियों के विरुद्ध आरोपियों द्वारा थानों में झूठी दुष्कर्म की शिकायत देने की धमकी अथवा शिकायत दर्ज करवाकर उन्हें कानूनी कार्रवाई में फंसाने का भय दिखाया जाता था। इसके बाद शिकायत के डर से पीड़ितों पर दबाव बनाकर उनसे पैसों की मांग की जाती थी तथा अवैध रूप से धनराशि वसूलने का प्रयास किया जाता था।

चाचा की अस्थियां विसर्जित करने आया युवक नरवाना ब्रांच में डूबा, तलाश में जुटे गोताखोर

इकलौता बेटा है 24 वर्षीय देवेंद्र, मिजार्पुर के पास पैर फिसलने से हुआ हादसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

मिजार्पुर के पास नरवाना ब्रांच नहर में चाचा की अस्थियां विसर्जित करने आए 24 वर्षीय युवक के नहर में डूबने का मामला सामने आया है। युवक की पहचान ढांड निवासी देवेंद्र के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि नहर किनारे पैर फिसलने से वह पानी में जा गिरा। हादसे के बाद से उसका कोई सुराग नहीं लग पाया है और उसकी तलाश के लिए सर्च अभियान चलाया जा रहा है।



कुरुक्षेत्र। नहर किनारे मौजूद परिजन व अन्य।

जानकारी के अनुसार देवेंद्र अपने चाचा की अस्थियां विसर्जित करने के लिए नरवाना ब्रांच नहर पर पहुंचा था। इसी दौरान अचानक उसका पैर फिसल गया और वह नहर में गिर गया। आसपास मौजूद लोगों को जब घटना का पता चला तो उन्होंने इसकी सूचना परिजनों और पुलिस को दी। बताया जा रहा है कि देवेंद्र अपने परिवार का इकलौता बेटा है। बेटे के नहर में लापता होने की सूचना से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। सूचना मिलने पर गोताखोर प्रगट सिंह मौके पर पहुंचे और देवेंद्र की तलाश के लिए सर्च अभियान शुरू किया। पुलिस भी घटनास्थल पर मौजूद रही। फिलहाल नहर में युवक की तलाश जारी है।

सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाइड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

खबर संक्षेप

लखीमपुर खीरी में तेंदुए के हमले में बच्चे की मौत

लखीमपुर खीरी। लखीमपुर खीरी जिले में दीपावली के दौरान लापता हुए 10 वर्षीय एक लड़के का क्षत-विक्षत शव सोमवार को घर से कुछ दूर झाड़ियों में मिला। वन विभाग ने तेंदुए के हमले की आशंका जताई है। डीएफओ तपस ने बताया कि मृतक की पहचान गोला कोतवाली क्षेत्र के जमुनाबाद फार्म निवासी रोहित कुमार के रूप में हुई है। रविवार रात बालक के लापता होने की सूचना पर वन विभाग और पुलिस के दल मौके पर पहुंचे लेकिन अंधेरा होने के कारण उसकी तलाश नहीं हो सकी तथा सोमवार को तलाश के दौरान उसका शव झाड़ियों में पाया।

असम की कंपनी से 11.5 करोड़ ठगे, एक पकड़ा

गुवाहाटी। असम की एक कंपनी को झांसा देकर 11.5 करोड़ रुपये से अधिक की ठगी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ करके पुलिस ने पश्चिम बंगाल से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बताया कि धोखाधड़ी करने वाले गिरोह ने पहले खुद को सेना को सामान की आपूर्ति करने वाले संगठन के रूप में पेश किया और फिर कंपनी से करोड़ों रुपये ठग लिए। गुवाहाटी के पानबाजार थाने की टीम ने थाना प्रभारी शंकर ज्योति नाथ के नेतृत्व में यह मामला सुलझाया।

चित्रकार अर्पिता का 89 वर्ष की आयु में निधन

नई दिल्ली। आधुनिकतावादी चित्रकार अर्पिता सिंह का उम्र संबंधी बीमारियों के कारण रविवार को यहां फोर्टिस अस्पताल में निधन हो गया। उनके पति एवं कलाकार परमजीत सिंह ने जानकारी दी। वह 89 वर्ष की थीं। अर्पिता को युद्ध और सांप्रदायिकता जैसे सामाजिक आघातों को दर्शाने वाली उनकी विस्तृत कलाकृतियों के लिए व्यापक रूप से जाना जाता था। परमजीत ने बताया कि वह पिछले कुछ वर्षों से हृदय और फेफड़ों से जुड़ी समस्याओं से पीड़ित थीं। इसके बावजूद वह काम कर रही थीं। तीन दिनों में उनका स्वास्थ्य बिगड़ गया, जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था।"

लुधियाना में दिवाली पर बच्चे को गोली लगी

लुधियाना। लुधियाना में दिवाली की रात 5 साल के बच्चे को संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लग गई। बच्चा अपने भाई-बहनों के साथ झोपड़ी में बिस्तर पर लेटा था। अचानक जोर-जोर से रोने लगा। मां ने पास जाकर देखा तो उसके पेट में गोली लगी हुई थी। पहले परिवार ने जबरदस्ती गोली निकालने की कोशिश की। लेकिन बच्चा बेहोश होने लगा। ये देख परिवार घबरा गया। परिजन उसे तुरंत सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उसका इलाज चल रहा है। बच्चे की मां का कहना है कि उन्हें नहीं पता कि गोली किसने और कहां से चलाई।

महाराष्ट्रः दंगा मामले में दो लोगों को बरी किया

ठाणे। महाराष्ट्र के ठाणे की एक अदालत ने 2015 में हत्या की कोशिश व दंगा करने के मामले में दो लोगों को बरी करते हुए कहा कि मुकदमे की सुनवाई के दौरान प्रमुख गवाह अपने बयानों से मुकर गए या उन्होंने आरोपों की पुष्टि नहीं की। अभियोजन पक्ष के मुताबिक, 14 नवंबर 2015 को योगेश धनावडे, उनके चाचा रोहिदास धनावडे और वामन शिंदे एक जगह आग बुझाने में मदद करने के बाद घर लौट रहे थे तथा इसी दौरान खोपाट इलाके में धारदार हथियारों व बीयर की बोतलों से लैस कुछ लोगों ने उन पर हमला कर दिया।

बस पलटने से तीन की मौत, 44 यात्री घायल

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के बाहरी इलाके में लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर सोमवार सुबह एक बस के सड़क किनारे पलट जाने से तीन यात्रियों की मौत हो गई, जबकि 44 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने बताया कि हादसा सुबह करीब छह से साढ़े छह बजे के बीच पारा थाना क्षेत्र में टोल प्लाजा के पास हुआ।

मोहाली के सेंटर में दी जा रही ट्रेनिंग

पंजाब में ट्रेंड कुत्ते बीमारी पहचानेंगे

एजेंसी ▶▶ मोहाली

पंजाब के मोहाली स्थित डॉग ट्रेनिंग सेंटर में कुत्ते सिक्योरिटी के साथ साथ बीमारियों की पहचान करेंगे। बच्चों में मिर्गी के दौरे से लेकर ब्लड शुगर लेवल गिरने तक की स्थिति के संकेत देखकर पहचान लेंगे। सेंटर में करीब 400 कुत्ते ट्रेंड किए जा चुके हैं, जो 8 राज्यों की पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों के साथ तैनात हैं। ये ट्रेंड कुत्ते ड्रग्स, विस्फोटक, बारूदी सुरंगों और जेलों में छिपाए गए मोबाइल फोन, सिम कार्ड व मेमोरी कार्ड खोज सकते हैं। मोदी के 2020 के दौरे के वक्त भी ये सुरक्षा ड्यूटी में तैनात रह चुके हैं। इसके अलावा मशहूर बिजनेसमैन मुकेश अंबानी और तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा की सिक्योरिटी में भी इनकी तैनाती हो चुकी है।



जर्मन भाषा में दिए जाते कमांड

किसी वारदात के वक्त अपराधी कुत्तों को भ्रमित न कर सकें, इसके लिए सेंटर में कुत्तों को हिंदी या अंग्रेजी के बजाय जर्मन भाषा में कमांड दिए जाते हैं। बैठने के लिए 'सिट्ज', लेटने के लिए 'प्लात्ज' और तलाश करने के लिए 'सूख' शब्द इस्तेमाल किए जाते हैं। पिल्लों को शुरुआती हफ्तों से ही अलग-अलग आवाजों, लोगों और कंक्रीट, घास व कांच जैसी सतहों से परिचित कराया जाता है, ताकि बाद में वह इससे असहज न हों। ट्रेनिंग में मारपीट या सजा के बजाय भोजन, बॉल और खिलौनों से इनाम दिया जाता है। ड्रग्स और विस्फोटकों की पहचान के लिए उन्हें संबंधित पदार्थों की वास्तविक गंध से परिचित कराया जाता है।

गृह मंत्रालय की रिपोर्ट से शुरू हुआ सेंटर

सेंटर के डायरेक्टर न्यूटन सिद्धू के मुताबिक, 2015 में उन्होंने गृह मंत्रालय की एक रिपोर्ट पढ़ी थी। इसमें देश के सुरक्षा बलों में प्रशिक्षित खोजी कुत्तों की कमी का जिक्र था। इसके बाद उन्होंने अमेरिकी सेना के लिए 28 साल तक डॉग ट्रेनिंग कर चुके ट्रेनर माइक मॉर्गन से संपर्क किया। दोनों की बातचीत के बाद पंजाब सरकार के गृह मामलों एवं न्याय विभाग के सामने जॉइंट वेंचर के रूप में सेंटर स्थापित करने का प्रस्ताव रखा गया। सरकार की मंजूरी के बाद 2016 में मोहाली के डेराबस्सी क्षेत्र के सुंद्रां गांव में सेंटर शुरू हुआ। यहां ट्रेनिंग के साथ कुत्तों की ब्रीडिंग भी की जाती है।

परंपरा होलकर राजवंश के जमाने से पिछले 300 साल से चल रही

योद्धा रिवायती जंग में एक-दूसरे पर जलते हिंगोट दागते हैं

इंदौर में दीपावली की परंपरा से जुड़े हिंगोट युद्ध में बरसे देशी रॉकेट, 20 योद्धा जखमी

हरिभूमि न्यूज\भाषा ▶▶ इंदौर

मध्यप्रदेश के इंदौर जिले में दीपावली की धार्मिक परंपरा से जुड़े हिंगोट युद्ध में सोमवार शाम 20 लोग झुलसकर घायल हो गए। स्वास्थ्य विभाग की एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। विकासखंड चिकित्सा अधिकारी (बीएमओ) डॉ. विभा नागर ने बताया कि इंदौर से करीब 55 किलोमीटर दूर गौतमपुरा कस्बे में हिंगोट युद्ध के दौरान 20 योद्धा झुलस गए। उन्होंने बताया कि इनमें से छह लोगों को एक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जबकि मामूली तौर पर झुलसे 14 व्यक्तियों को मौके पर प्राथमिक उपचार देकर उनके घर भेज दिया गया। दीपावली के अगले दिन गौतमपुरा कस्बे के एक मैदान पर होने वाले पारंपरिक हिंगोट युद्ध के गवाह बनने के लिए बड़ी तादाद में दर्शक जुटे। युद्धस्थल पर उनकी सुरक्षा के लिए ऊंची जालियां और



बैरिकेड लगाए गए थे। हालात की निगरानी के लिए ड्रोन और सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए थे। अधिकारियों के मुताबिक मौके पर 250 से ज्यादा लोगों को तैनात किया गया था जिनमें पुलिस कर्मी और नगर सुरक्षा समिति के सदस्य शामिल थे।

प्रशासन पाबंदी नहीं लगा पा रहा

प्रशासन हिंगोट युद्ध पर इसलिए पाबंदी नहीं लगा पा रहा है क्योंकि इस परंपरा से स्थानीय लोगों की धार्मिक मान्यताएं जुड़ी हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि हिंगोट युद्ध की परंपरा इंदौर के पूर्ववर्ती होलकर राजवंश के जमाने से पिछले 300 साल से चल रही है। किंवदंती के अनुसार बारूद से भरे हिंगोट को हथियार के रूप में इस्तेमाल करने की शुरुआत स्थानीय छापामार योद्धाओं ने की थी। ये लड़ाके मुगल आक्रांताओं के घुड़सवारों को तत्कालीन होलकर सामाज्य की सीमाओं में घुसने से रोकने के लिए उन पर छिपकर हिंगोट दागते थे।

यह है हिंगोट हिंगोट, आंवले के आकार वाला एक जंगली फल होता है। गूदा निकालकर इस फल को खोखला कर लिया जाता है। फिर इसे सुखाकर इसमें खास तरीके से बारूद भरी जाती है। नतीजतन आग लगाते ही यह रॉकेट जैसे पटाखे की तरह बेहद तेज गति से छूटता है और लम्बी दूरी तय करता है। पारंपरिक हिंगोट युद्ध के दौरान गौतमपुरा के योद्धाओं के दल को 'तुर्रा' नाम दिया जाता है, जबकि रुणजी गांव के लड़ाके 'कलंगी' दल की अगुवाई करते हैं। दोनों दलों के योद्धा रिवायती जंग के दौरान एक-दूसरे पर जलते हिंगोट दागते हैं।

राहुल गांधी ने मोदी को एक बार फिर खुली बहस की चुनौती दी

पीएम पहले मुझसे बहस करें, उसके बाद किसी जवान के सामने खड़े नहीं हो पाएंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा में विपक्ष के नेता ने पिछले 8 दिन में यह छठी बार है, जब राहुल ने पीएम मोदी को बहस के लिए बोला है। इस पर भाजपा नेताओं ने आरोप लगाया है कि राहुल गांधी संसद में बहस से भाग रहे हैं।

राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक बार फिर राष्ट्र-विरोधी होने और विदेशी ताकतों के इशारे पर काम करने के आरोपों पर खुली बहस की चुनौती दी है। उन्होंने सीआरपीएफ जवानों का जिक्र करते हुए दावा किया कि जवान प्रधानमंत्री की बातों पर भरोसा नहीं करते। राहुल ने कहा कि बहस के बाद प्रधानमंत्री जवानों का सामना नहीं कर पाएंगे।

दिवाली के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को छत्तीसगढ़ के बस्तर पहुंचे और यहां उन्होंने तैनात सीआरपीएफ के जवानों के साथ दिवाली मनाई। प्रधानमंत्री के इस दौरे पर नेता प्रतिपक्ष व कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने सोमवार को निशाना साधा है। राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक बार फिर खुली बहस की चुनौती दी। उन्होंने यह चुनौती खुद पर लगाए गए 'राष्ट्र-विरोधी' होने और 'विदेशी ताकतों के इशारे पर काम करने' के आरोपों के जवाब में दी। राहुल ने कहा कि प्रधानमंत्री के लिए उनकी बहस की चुनौती अब भी कायम है और वह किसी भी समय इस मुद्दे पर चर्चा करने को तैयार हैं।

प्रधानमंत्री के बस्तर दौरे पर की टिप्पणी बोले-जवानों को पीएम के वादों पर भरोसा नहीं



एक्स पर पोस्ट कर सीआरपीएफ जवानों का किया जिक्र

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में राहुल गांधी ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवानों का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि जवानों के चेहरे के भाव से साफ पता चल रहा था कि वे प्रधानमंत्री की बातों पर भरोसा नहीं करते। राहुल गांधी ने कहा, 'आपके चेहरों से सब कुछ साफ पता चल रहा था। आपने प्रधानमंत्री के झूठ पर भरोसा नहीं किया।

'नक्सलवाद का खतरा अभी खत्म नहीं हुआ'

राहुल गांधी की यह चुनौती मोदी के उस बयान के बाद आई है, जिसमें उन्होंने रविवार को कहा था कि देश में नक्सलवाद का खतरा अभी पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है। प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया था कि 'दिमागी नक्सली' कई संगठनों और राजनीतिक दलों में घुसपैठ कर चुके हैं। ये लोग लोगों को संविधान और लोकतंत्र के खिलाफ भड़काने का काम कर रहे हैं।

खड़गे के हिंदू विरोधी बयान पर भाजपा का निशाना

कांग्रेस को राष्ट्रहित से ऊपर वोट बैंक दिखाई देता: भाटिया

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के हिंदू विरोधी बयान की कड़ी आलोचना करते हुए कांग्रेस पर तुष्टिकरण की राजनीति का आरोप लगाया। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने सोमवार को नई दिल्ली स्थित पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा दीपावली को 'खुशियों की ईद' बताना और सोनिया गांधी द्वारा अयोध्या में विवादित ढांचे के विध्वंस पर आंसू बहाने की बात करना करोड़ों हिंदुओं की भावनाओं का अपमान है। उन्होंने राहुल गांधी, सोनिया गांधी और



खड़गे से हिंदू धर्म एवं सनातन के प्रतीकों को राजनीतिक विवादों से दूर रखने की अपील करते हुए कांग्रेस की कथित हिंदू विरोधी सोच पर सवाल उठाए। भाटिया ने कहा कि पूरा देश दीपावली का पर्व मना रहा है। दीपावली, छोटी दिवाली, धनतेरस और गोवर्धन पूजा जैसे सभी पर्व हर भारतीय, विशेषकर हिंदुओं को हमारी उस सांस्कृतिक विरासत की याद दिलाते हैं, जिस पर हमें नाज और गर्व है।

महाराष्ट्र में भीषण अग्निकांड

एक ही परिवार के 6 लोगों की जलकर दर्दनाक मौत



एजेंसी ▶▶ धाराशिव

महाराष्ट्र के धाराशिव जिले में एक मकान के भूतल पर मौजूद कपड़े की दुकान में आग लग जाने पर दम घुटने के कारण एक ही परिवार के छह सदस्यों की मौत हो गई। इस दर्दनाक हादसे में परिवार का एक बच्चा किसी तरह अपनी जान बचाने में सफल रहा। पुलिस ने बताया कि आग रविवार देर रात दो बजकर 45 मिनट पर लगी, जब येदशी स्थित दुकान के ऊपर पहली मंजिल पर करांडे परिवार के सदस्य सो रहे थे। पुलिस के अनुसार,

एक बच्चा अपनी जान बचाने में सफल रहा

परिवार के छह सदस्यों की दम घुटने से मौत हो गई। आग तेजी से फैल गई, क्योंकि भूतल पर मौजूद दुकान में प्लास्टिक का सामान और तेल का भंडार भी रखा हुआ था। एक व्यक्ति जीवित है और उसकी हालत स्थिर है। पुलिस ने मृतकों की पहचान उत्तम करांडे, चंद्रकला करांडे, गोविंद करांडे, गायत्री करांडे, ज्योति करांडे और सिद्धि करांडे के रूप में की है।

ठाणेः इमारत में लगी आग, 50 को बचाया

ठाणे। महाराष्ट्र के ठाणे शहर में दिवाली की रात 17 मंजिला आवासीय इमारत में भीषण आग लगने के बाद करीब 50 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि आग रविवार रात करीब साढ़े आठ बजे शहर के वागले एस्टेट इलाके में स्थित 'रहेजा गार्डन कॉम्प्लेक्स' की 'कार्लाइल' इमारत में लगी। इस इमारत में 28 फ्लैट हैं। ठाणे नगर निगम के क्षेत्रीय आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के प्रमुख यासीन तडवी ने बताया कि घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

मुंबई उच्च न्यायालय के आदेश

गोकुल डेयरी के नामित निदेशकों के वोट अलग मतपेटी में रखें

एजेंसी ▶▶ छत्रपति संभाजीनगर

मुंबई उच्च न्यायालय ने सोमवार को महाराष्ट्र सरकार के उस अध्यादेश पर रोक लगाने के लिए तत्काल कोई आदेश जारी करने से इनकार कर दिया, जिसके तहत गोकुल डेयरी बोर्ड में नामित चार निदेशकों को वोट देने का अधिकार दिया गया था। हालांकि, अदालत ने कहा कि 10 नवंबर को चेयरमैन पद के लिए होने वाले चुनाव में उनके द्वारा डाले गए मतों को एक अलग मतपेटी में रखा जाना चाहिए। उच्च न्यायालय की छत्रपति संभाजीनगर स्थित औरंगाबाद पीठ ने यह फैसला कोल्हापुर जिला सहकारी दुग्ध उत्पादक संघ लिमिटेड (जो गोकुल डेयरी के नाम से मशहूर है) के बोर्ड में सरकार द्वारा निदेशकों को नामित किये जाने संबंधी अध्यादेश की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली एक याचिका पर सुनवाई के दौरान सुनाया। उच्च न्यायालय की एक अवकाशकालीन पीठ ने कहा कि मंगलवार (10 नवंबर) को चेयरमैन चुनने के लिए होने वाली बैठक में चार नामित निदेशकों को भागीदारी करने और वोट डालने की अनुमति होगी।

मप्र का थाना प्रभारी हत्याकांड

अंतरराज्यीय शराब तस्करी नेटवर्क का फरार सदस्य गुजरात से पकड़ा

ट्रक से कुचलकर कर हत्या कर दी गई थी

भाषा ▶▶ इंदौर

मध्यप्रदेश के देवास जिले में अवैध शराब की अंतरराज्यीय तस्करी रोकने पहुंचे थाना प्रभारी दिलीप पुरी की कथित रूप से ट्रक से कुचलकर कर दी गई हत्या के मामले में फरार एक आरोपी को पुलिस ने पड़ोसी गुजरात से गिरफ्तार किया है। पुलिस के एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। अनुविभागीय पुलिस अधिकारी (एसडीओपी) आदित्य तिवारी ने बताया कि घटना के बाद से फरार मनीष जायसवाल को गुजरात से गिरफ्तार किया गया है और वह शराब की अंतरराज्यीय तस्करी के नेटवर्क की अहम कड़ी है। उन्होंने बताया कि मनीष जायसवाल को गिरफ्तार करके देवास लाया गया है। पुलिस के एक अन्य अधिकारी ने बताया कि थाना प्रभारी हत्याकांड में शराब तस्करी नेटवर्क के कथित सरगना राहुल जायसवाल और ट्रक चालक गजेंद्र उर्फ अक्कू रावत समेत पांच को पहले गिरफ्तार किया जा चुका है।

हिमाचल प्रदेश के ऊना की घटना

पटाखे फोड़ने के दौरान व्यक्ति ने गुस्से में पड़ोसियों पर चढ़ाई थार

भाषा ▶▶ ऊना

हिमाचल प्रदेश के ऊना जिले के बडोली इलाके में दीपावली पर पटाखे फोड़ने के दौरान हुए विवाद में एक व्यक्ति ने अपनी 'थार' गाड़ी पड़ोसियों पर चढ़ा दी, जिससे एक दंपति की मौत हो गई और दो अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। घटना से नाराज स्थानीय लोगों ने आरोपी की पिटाई कर दी। गंभीर हालत में उसे भी अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने मामले में दोनों पक्षों की ओर से प्राथमिकी दर्ज की गई है।

दंपति की मौत

दोनों परिवारों के बीच पहले से भी विवाद था और रविवार शाम को दीपावली के दौरान पटाखे फोड़ने को लेकर उनके बीच कहासुनी हो गई। पुरानी कारों की खरीद-बिक्री करने वाले जरनैल सिंह ने गुस्से में अपनी थार गाड़ी पड़ोसियों पर चढ़ा दी और इस घटना में ओंकार सिंह व उनकी पत्नी वीणा देवी की मौत हो गई। पड़ोसी परिवार के दो लोग भी घायल हो गए। इलाके के निवासियों में भारी आक्रोश फैल गया और आसपास के लोगों ने जरनैल को पकड़ कर उसकी पिटाई कर दी।

बिहारः एक पक्ष ने दूसरे पक्ष चढ़ाई स्कॉर्पियो, दो की मौत,छह लोग गंभीर

आरा (भाषा)। बिहार के भोजपुर जिले में आपसी विवाद के बाद एक पक्ष ने कथित रूप से 'स्कॉर्पियो' गाड़ी दूसरे पक्ष पर चढ़ा दी जिससे दो लोगों की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार रविवार रात बिहिया थानाक्षेत्र के रामडिहरा गांव यह वारदात हुई जिसमें कमलेश यादव और दिनेश यादव की जान चली गयी। पुलिस अधिकारी रवि कुमार ने बताया, ''रविवार रात करीब नौ -10 बजे रामडिहरा गांव में सूर्य मंदिर के पास कुछ लोग अपने ट्रकों की सफाई कर रहे थे। इसी दौरान उनके पड़ोसी अपनी स्कॉर्पियो गाड़ी लेकर वहां पहुंचे। किसी आपसी विवाद को लेकर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हुई।

पड़ोसी राज्य छत्तीसगढ़ से अभयारण्य में दाखिल हुआ

ओडिशा के वन्यजीव अभयारण्य में रॉयल बंगाल टाइगर दिखा

भाषा ▶▶ भुवनेश्वर

ओडिशा के बरगढ़ जिले में स्थित देब्रीगढ़ वन्यजीव अभयारण्य में एक रॉयल बंगाल टाइगर देखा गया है। वन विभाग के एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। हीराकुड वन्यजीव मंडल की मंडलीय वन अधिकारी (डीएफओ) अंशु प्रज्ञान दास ने बताया कि बाघ अभयारण्य के अंदर कैमरे में दिखा और गश्त कर रहे कर्मचारियों ने उसे प्रत्यक्ष रूप से भी देखा। उन्होंने बताया कि बंगाल टाइगर देचुआन-लखनपुर वन क्षेत्र से होते हुए अभयारण्य में दाखिल हुआ था। आशंका है कि यह पड़ोसी राज्य छत्तीसगढ़ से अभयारण्य में



दाखिल हुआ है। उन्होंने बताया कि बाघ की तस्वीरों का राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) और भारतीय वन्यजीव संस्थान (डब्ल्यूआईआई) द्वारा विश्लेषण किए जाने के बाद ही उसकी उत्पत्ति, लिंग और अन्य विवरणों की पुष्टि हो सकेगी। अभयारण्य के रास्तों पर रोजाना गश्त के लिए कुल 100 कैमरा ट्रैप लगाए गए हैं और 27 टीमों को तैनात किया गया है।

टीमें गश्त कर रहीं

वन अधिकारी ने बताया कि रात में भी तीन स्तरों पर टीमों द्वारा गश्त की जा रही है। उन्होंने बताया कि 2022 से 2024 के बीच करीब डेढ़ साल तक एक रॉयल बंगाल टाइगर देब्रीगढ़ अभयारण्य में रहा था। उन्होंने कहा कि बाद में छत्तीसगढ़ के गोमर्दा अभयारण्य में करंट लगने से उस बाघ की मौत हो गई थी। अभयारण्य में घने जंगल, शिकार की पर्याप्त उपलब्धता और हीराकुड जलाशय में पानी की मौजूदगी ने संभवतः बाघ को आकर्षित किया होगा। ओडिशा सरकार ने मध्य भारतीय वन क्षेत्र से बाघों को लाकर देब्रीगढ़ वन्यजीव अभयारण्य में बसाने की योजना बनाई है।

त्योहारी भीड़ को कम करने के लिए चलाई विशेष ट्रेनों में से एक

दिल्ली-पटना मार्ग पर तेजस राजधानी की गति अधिक और वंदे भारत के कुर्सी यान से कम 'एसी 3' का किराया

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

त्योहारों के दौरान यात्रियों की भीड़ कम करने के लिए रेलवे मंत्रालय की ओर से चलाई गई विभिन्न विशेष ट्रेन में से एक नई दिल्ली-पटना वंदे भारत के कुर्सी यान का किराया इसी मार्ग पर चलने वाली तेजस राजधानी एक्सप्रेस से अधिक है और इसमें सफर करने में ज्यादा समय भी लगता है।

अधिकारियों ने जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हालांकि वंदे भारत कुर्सी यान राजधानी एक्सप्रेस की तरह शयनयान श्रेणी की वातानुकूलित ट्रेन नहीं है, लेकिन यह बेहतर यात्री सुविधाओं से लैस आधुनिक ट्रेन है जो इसके अधिक किराये को उचित ठहराती हैं।

एसी 3 कोच का किराया 2,545 रुपये



आईआरसीटीसी की वेबसाइट के अनुसार, नई दिल्ली से पटना के बीच चलने वाली वंदे भारत स्पेशल (ट्रेन संख्या 2252) के कुर्सी यान श्रेणी का किराया 2,615 रुपये है, जबकि त्योहारों के मौसम में तेजस राजधानी के तृतीय श्रेणी के वातानुकूलित (एसी 3) कोच का किराया 2,545 रुपये है। वेबसाइट के अनुसार, वंदे भारत ट्रेन नई दिल्ली और पटना के बीच करीब एक हजार किलोमीटर की दूरी तय करने में 12 घंटे 55 मिनट लेती है, जबकि इस मार्ग की सबसे तेज ट्रेन तेजस राजधानी को यह दूरी तय करने में 11 घंटे 28 मिनट लगते हैं।

देश के सबसे व्यस्त रेल मार्गों में से एक नई दिल्ली-पटना मार्ग

नई दिल्ली-पटना मार्ग देश के सबसे व्यस्त रेल मार्गों में से एक है और इस पर पूरे साल यात्रियों की भारी भीड़ रहती है। त्योहारों के दौरान यात्रियों की संख्या कई गुना बढ़ जाती है, जिसके कारण रेलवे को विशेष ट्रेन चलानी पड़ती हैं। सप्ताह में छह दिन चलने वाली वंदे भारत चेयर कार के अलावा, रेल मंत्रालय ने 10 से अधिक विशेष ट्रेन शुरू की हैं। इनमें से तीन ट्रेन सप्ताह के सभी दिन चलती है। छठ तक अगले एक सप्ताह के लिए नियमित व विशेष ट्रेन की वातानुकूलित तथा गैर-वातानुकूलित सहित सभी शयनयान श्रेणियों में सीटें पूरी तरह बुक होने के कारण उनके पास वंदे भारत से यात्रा करने के अलावा कोई विकल्प नहीं था।

चिंतन

कैंसर के खिलाफ जंग को मिली और मजबूती

कैंसर का नाम सुनते ही किसी भी परिवार के सामने सबसे बड़ी चुनौती बीमारी से लड़ने के साथ-साथ इलाज के खर्च का इंतजाम करने की होती है। लंबे समय तक चलने वाला उपचार, महंगी दवाएं और बार-बार अस्पताल के चक्कर मरीज और उसके परिजनों को मानसिक व आर्थिक रूप से तोड़ देते हैं। ऐसे में कैंसर की 137 दवाओं की कीमतों में भारी कटौती का फैसला लाखों मरीजों के लिए राहत की नई उम्मीद लेकर आया है। यह केवल दवाओं के दाम घटने का मामला नहीं, बल्कि स्वास्थ्य सेवाओं को आम आदमी की पहुंच में लाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। दवाओं की कीमतों में कमी से मरीजों को सालाना करीब 3,540 करोड़ रुपये की बचत होने का अनुमान है। खास बात यह है कि 679 ब्रांड की दवाओं के दाम 50% से अधिक घटाए गए हैं और कुछ दवाओं की कीमतों में 96.45% तक की कमी हुई है। निश्चित रूप से इससे कैंसर के उपचार का आर्थिक बोझ कम करने में मदद मिलेगी। इस फैसले के पीछे न्यायपालिका की सक्रियता, विशेषज्ञों की सिफारिश और सरकार की नियामक व्यवस्था की अहम भूमिका रही है। 22 सितंबर को सुप्रीम कोर्ट ने कैंसर की दवाओं की खुदरा खरीद कीमत और अधिकतम खुदरा मूल्य के बीच भारी अंतर पर गंभीर सवाल उठाए थे। अदालत ने टिप्पणी की थी कि 2,700 रुपये की दवा मरीज को 27 हजार रुपये में मिलना दिनदहाड़े डकैती और नरसंहार जैसा है। इस टिप्पणी ने दवा कारोबार में मुनाफे और मरीजों के हितों के बीच संतुलन की जरूरत को रेखांकित किया। इसके बाद नेशनल फार्मास्यूटिकल प्राइसिंग अथॉरिटी (एनपीपीए) ने 137 गैर-अनुसूचित कैंसर दवाओं पर कंपनियों का व्यापार मार्जिन 30% तय कर दिया। इसी व्यवस्था के तहत कंपनियों ने नई कीमतें लागू की हैं। इस पहल का सकारात्मक पक्ष यह भी है कि कीमतों में कमी का आधार केवल प्रशासनिक निर्णय नहीं, बल्कि विशेषज्ञों का अध्ययन और सुझाव भी रहे हैं। डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ हेल्थ सर्विसेज के तहत गठित समिति में देशभर के प्रमुख कैंसर विशेषज्ञों, चिकित्सकों, अस्पतालों के प्रतिनिधियों और सरकारी अधिकारियों ने विचार-विमर्श के बाद 137 दवाओं की सिफारिश की। सूची को समय-समय पर अपडेट करने का प्रावधान भी महत्वपूर्ण है। इससे भविष्य में दूसरी जरूरी दवाओं को भी कीमत नियंत्रण के दायरे में लाने का रास्ता खुल सकता है। नई कीमतें सभी मेडिकल स्टोर और अस्पतालों की फार्मेसी तक पहुंचनी चाहिए। मरीजों को पुरानी कीमतों पर दवा बेचने, निर्धारित दर से अधिक वसूली और पुराने स्टॉक के नाम पर मनमानी करने वालों पर सख्ती जरूरी है। इस दिशा में 'फार्मा सही दाम' एप, एनपीपीए की वेबसाइट और 'फार्मा जन समाधान' पोर्टल जैसी सुविधाएं उपयोगी साबित हो सकती हैं। दरअसल, कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के उपचार में दवाओं की नियमित उपलब्धता और उनका उचित मूल्य दोनों जरूरी हैं। केवल कीमत घटाना पर्याप्त नहीं, मरीज को समय पर सही दवा मिलना भी सुनिश्चित करना होगा। सरकार को दवा मूल्य नियंत्रण की व्यवस्था की नियमित समीक्षा करनी चाहिए। दवा कंपनियों के अनुसंधान और उत्पादन को प्रोत्साहन देते हुए मरीजों के हितों की रक्षा के बीच संतुलन बनाना भी जरूरी है। स्वस्थ समाज की नींव तभी मजबूत होगी, जब किसी व्यक्ति की जिंदगी बचाने वाला उपचार उसकी आर्थिक हैसियत का मोहताज नहीं रहेगा। कैंसर की दवाओं की कीमतों में यह कटौती इसी दिशा में उम्मीद जगाने वाला कदम है।

ट्रंप की हार से बदलेगी वैश्विक कूटनीति



मुद्दा
प्रभात कुमार रॉय

अमेरिका के मिडटर्म चुनाव में राष्ट्रपति ट्रंप की रिपब्लिकन पार्टी को मिली करारी शिकस्त ने अमेरिकी राजनीति में नए समीकरण पैदा कर दिए हैं। संसद के दोनों सदनों में बहुमत गंवाने से ट्रंप की मुश्किलें बढ़ेंगी। ईरान युद्ध, बढ़ती महंगाई और पेट्रोल-डीजल की कीमतों में उछाल उनकी पार्टी की हार के प्रमुख कारण बने। डेमोक्रेटिक पार्टी की बढ़त और वामपंथी विचारधारा वाले उम्मीदवारों की जीत अमेरिकी राजनीति में बदलाव के संकेत हैं। चुनावी नतीजों के बाद ट्रंप पर आक्रामक विदेश नीति की समीक्षा का दबाव बढ़ेगा। भारत के साथ व्यापारिक रिश्तों और कूटनीतिक व्यवहार में सुधार की संभावनाएं भी महत्वपूर्ण होंगी। अब देखना होगा कि चुनावी झटका ट्रंप को नीतियां बदलने और सहयोग की राह अपनाने के लिए कितना विवश करता है।

सर्वविदित है कि अमेरिका के मिडटर्म चुनाव में अमेरिकन पार्लियामेंट के दोनों सदनों हाउस आफ रिप्रेजेंटेटिव (कांग्रेस) और सीनेट में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व में रिपब्लिकन पार्टी को शिकस्त का सामना करना पड़ा है। हाउस आफ रिप्रेजेंटेटिव की कुल 435 सीटों में अभी तक डेमोक्रेटिक पार्टी को 264 और रिपब्लिकन पार्टी को 162 सीटों पर विजय प्राप्त हुई है। अमेरिकी पार्लियामेंट के उच्च सदन सीनेट की कुल 100 सीटों में डेमोक्रेटिक पार्टी द्वारा 54 सीटें प्राप्त करके अपना स्पष्ट बहुमत सीनेट में भी स्थापित कर लिया गया है, जबकि रिपब्लिकन पार्टी सीनेट में केवल 44 सीटों पर सिमट गई हैं। अमेरिकन राजनीति के विशेषज्ञ जानकारों के मुताबिक अमेरिका के मिडटर्म चुनाव द्वारा राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को अमेरिका का एक अत्यंत कमजोर और लाचार राष्ट्रपति बना दिया गया है। अमेरिका में वर्तमान संवैधानिक स्थिति में आंतरिक गृह मोर्चे पर भले ही राष्ट्रपति ट्रंप की शक्तियों पर डेमोक्रेट्स द्वारा कड़ी लगाम कस दी जाएगी, किंतु विदेश नीति के फ्रंट पर तो ट्रंप की कूटनीतिक शक्तियों को कदाचित शिथिल नहीं की जा सकेगा। प्रबल प्रश्न उपस्थित है कि राजनीतिक तौर पर निर्बल राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की अमेरिकन हुकूमत द्वारा वैश्विक कूटनीति और भारत के प्रति उसके व्यवहार में कितना कुछ बुनियादी परिवर्तन अंजाम दिया जा सकता है अथवा नहीं दिया जाएगा। जहां तक अमेरिका के वैश्विक कूटनीतिक व्यवहार का प्रश्न है, वह तो निश्चित तौर पर भविष्य में परिवर्तित होने वाला है। ईरान युद्ध से उत्पन्न हुए दुष्प्रभाव ने ही अमेरिका में आंतरिक तौर पर रिपब्लिकन पार्टी की राजनीतिक तबाही को अंजाम दिया है। डोनाल्ड ट्रंप को अपने आगामी दो वर्ष के कार्यकाल के दौर में अपनी विदेश नीति में बुनियादी परिवर्तन करने के लिए विवश होना ही पड़ेगा। भारत के साथ अमेरिका की संभावित ट्रेड डील किसी सकारात्मक अंजाम तक आखिर कब तक पहुंच सकती है, यह तो भविष्य ही बताएगा। किंतु एक बात निश्चित है कि अपनी अंतरराष्ट्रीय छवि को बेहतर बनाने के लिए राष्ट्रपति ट्रंप निश्चित तौर पर भारत के साथ अमेरिका के बिगड़ते हुए रिश्तों को सुधारने की कोशिश अवश्य ही कर सकते हैं। राष्ट्रपति ट्रंप अपने दूसरे कार्यकाल में प्रारंभ से ही पाकिस्तान को भारत के मुकाबले अधिक तरजीह प्रदान करते रहे हैं। पाकिस्तान के सैन्य कमांडर इन चीफ जनरल मुनीर और प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ का व्हाइट हाउस में खासतौर पर रेड कार्पेट खैरमक़दम किया गया। पाकिस्तानी फौज के लिए अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने खजाना खोल दिया! अपने प्रथम कार्यकाल में डोनाल्ड ट्रंप द्वारा पाकिस्तान को वैश्विक आतंकवाद को परिपोषित करने वाला खतरनाक जिहादी मुल्क करार दिया गया था। अमेरिका ग्रेट अगेन और अमेरिका फर्स्ट की उद्घोषणाओं के तहत राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा अत्यंत अनुचित और मनमाने ढंग से भारत पर 100 प्रतिशत तक टैरिफ आयद किया गया, जिसको बाद में घटाकर 50 और फिर 25 प्रतिशत कर दिया गया। ट्रंप द्वारा रूस से तेल आयात करने की स्थिति में भारत के विरुद्ध 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ आयद करने का ऐलान किया गया। अब राष्ट्रपति ट्रंप की अपनी कूटनीतिक विडंबना देखिए कि पेट्रोल और डीजल के जबरदस्त संकट से जूझते हुए अमेरिकन सरकार द्वारा



रूस के विरुद्ध आयद किए गए आर्थिक प्रतिबंधों को निरस्त कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि 3 जनवरी 2027 को हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव के सदस्य शपथ ग्रहण करेंगे। है। हालांकि अभी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पास 2 वर्ष 2 महीने का कार्यकाल शेष बचा है। रिपब्लिकन पार्टी द्वारा अमेरिका पार्लियामेंट के दोनों सदनों में अपना बहुमत को गंवा देने की स्थिति में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अब अपनी घरेलू और विदेश नीति को कानूनी शक्ति प्रदान नहीं कर सकेंगे। मिडटर्म चुनाव में विकराल शिकस्त हो जाने के पश्चात भी डोनाल्ड ट्रंप के आक्रामक तेवर कदाचित शिथिल नहीं हुए हैं। राष्ट्रपति ट्रंप ने बाकायदा ऐलान कर दिया है कि हाउस का रिप्रेजेंटेटिव और सीनेट द्वारा पारित विधेयकों (बिलों) को वह वीटो कर देंगे और लेजिसलेशन (कानूनी एक्ट) का आकार नहीं लेने देंगे। राष्ट्रपति ट्रंप यह भी फरमा दिया है कि उन्हें इस बात की कतई परवाह नहीं है कि उनको प्रेसिडेंट वीटो कहकर इतिहास निरुपित करेगा। नवंबर में संभवतया 17 और 18 तारीख को ट्रंप चीन जाएंगे, जहां पर राष्ट्रपति पुतिन के साथ भी उनकी मुलाकात होगी। यूक्रेन युद्ध को सुलझाने की खातिर राष्ट्रपति ट्रंप राष्ट्रपति पुतिन के साथ कोऑर्डिनेशन स्थापित करके यूक्रेन युद्ध के समापन पर बातचीत अंजाम दे सकते हैं, ताकि यूक्रेन युद्ध को समाप्त कर देने के लिए उनका दावा कायम बना रह सके। मिडटर्म चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी की शर्मनाक शिकस्त के लिए अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वैंस ने डोनाल्ड ट्रंप द्वारा प्रारंभ किए गए आक्रामक ईरान युद्ध को जिम्मेदार करार दिया है। डोनाल्ड ट्रंप के कार्यकाल में अमेरिका की इजरायल के साथ अत्यधिक घनिष्ठता पर भी रिपब्लिकन पार्टी के लीडर्स ने सवाल खड़े किए हैं। दरअसल रिपब्लिकन पार्टी के वरिष्ठ लीडर अब भविष्य में सन 2028 में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव की तरफ देख रहे हैं। आने वाले वक्त में ईरान युद्ध पर लगाम कसने के लिए अब सबसे पहले रिपब्लिकन पार्टी के वरिष्ठ लीडर ही राष्ट्रपति ट्रंप के आड़े आ जाएंगे। क्योंकि ईरान युद्ध को उपराष्ट्रपति जीडी वैंस एवं अन्य रिपब्लिकन लीडर राष्ट्रपति ट्रंप का व्यक्तिगत निर्णय घोषित कर चुके हैं। उल्लेखनीय है कि अमेरिका फर्स्ट अभियान को संचालित करते हुए ट्रंप ने भविष्य में कोई भी युद्ध नहीं करने का बाकायदा ऐलान किया था। लेकिन ट्रंप द्वारा भविष्य में युद्ध नहीं करने के ऐलान का एकदम उलटकर ईरान पर युद्ध थोप दिया गया। ईरान में रिजीम चेंज करने की सनक में ट्रंप ने कहा कि कुछ ही दिनों में ईरान में रिजीम चेंज हो जाएगा और युद्ध समाप्त हो जाएगा। किंतु 8 महीनों का वक्त व्यतीत हो गया, है और अभी तक युद्ध के समापन का कोई मुहूर्त नहीं आया है। बहुत मुमकिन है कि राष्ट्रपति ट्रंप आने वाले कुछ दिनों में फिर से ईरान पर आक्रामक धावा बोल सकते हैं। हालांकि रिपब्लिकन पार्टी की पराजय से अत्यंत क्षुब्ध और क्रोधित रिपब्लिकन लीडर ऐसा करने से राष्ट्रपति ट्रंप को अवश्य ही रोक सकेंगे। ट्रंप द्वारा स्वयं भी आखिरकार रिपब्लिकन पार्टी की पराजय को बाकायदा स्वीकार कर लिया है और ट्रंप ने यह भी कहा है कि मिडटर्म चुनाव में पराजय ईरान युद्ध के कारण ही मुमकिन हुई है। समझा जा रहा है कि ईरान युद्ध के कारणवश ही अमेरिका में महंगाई की दर चार प्रतिशत से भी अधिक हो गई। डीजल और पेट्रोल के दाम बढ़ गए हैं। मिडटर्म चुनाव सर्वे में एक बात स्पष्ट तौर पर उभरकर सामने आई है कि अमेरिका के 75% मतदाता ईरान युद्ध के विरुद्ध रहे हैं। चुनाव में पराजय का सामना करने के बाद संभव है कि ट्रंप को अमरीकी संसद के पटल पर बड़े बहुमत वाली डेमोक्रेटिक पार्टी द्वारा प्रस्तावित महाअभियोग का भी सामना करना पड़े। विगत कार्यकाल में भी ट्रंप ने दो दफा महाअभियोग का सामना किया था। भविष्य में जो भी परिस्थिति रहे किंतु ट्रंप को पराजय से गंभीर सबक लेना चाहिए और आगामी दो वर्षों के कार्यकाल में राजनीतिक और कूटनीतिक गलतियों को दुरुस्त करना चाहिए।

(लेखक विदेशी मामलों के जानकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

मंथन
रितीश उपाध्याय



समझ न आए कानूनी फ़ैसला, तो इंसाफ़ कैसा?

ज़मीन का मुक़दमा हार चुके एक किसान के हाथ में फ़ैसले की प्रति आती है, जिसे वह पढ़ ही नहीं पाता। वकील मोटे तौर पर मतलब बता देता है, कभी इत्मीनान से, कभी कचहरी के गलियारों में जल्दबाज़ी में। पर अदालत ने ऐसा फ़ैसला क्यों दिया, इसकी वजह उस भाषा में दबी रह जाती है, जो उस किसान की अपनी नहीं है। जिसकी आज़ादी, ज़मीन या रोज़ी दांव पर थी, क्या उसे अपना फ़ैसला खुद पढ़ने और समझने का भी हक़ नहीं? इस मामले में संवैधानिक प्रावधान पहली नज़र में ज़रूर थोड़े सख़्त दिखते हैं। अनुच्छेद 348(1)(क) के अनुसार, जब तक संसद क़ानून बनाकर कुछ और तय न करे, सुप्रीम कोर्ट और हर हाई कोर्ट की कार्यवाही अंग्रेज़ी में होगी। संविधान के अनुच्छेद 348(2) ने राज्यपाल को राष्ट्रपति की पूर्व सहमति से हाई कोर्ट की कार्यवाही में हिंदी या राज्य की राजभाषा का प्रयोग करने की इजाज़त देने का अधिकार दिया है। हालांकि, यह छूट हाई कोर्ट के फ़ैसलों, डिक्री और आदेशों पर लागू नहीं होगी, हालांकि इस रिक्ति को राजभाषा अधिनियम, 1963 की धारा 7 भरती है। उसके तहत राज्यपाल, राष्ट्रपति की पूर्व सहमति से फ़ैसले, डिक्री और आदेश के लिए भी अंग्रेज़ी के साथ हिंदी या उस राज्य की किसी राजभाषा को मान सकते हैं, लेकिन नियम के अनुसार हाई कोर्ट के प्राधिकार से जारी अंग्रेज़ी अनुवाद साथ संलग्न होना ज़रूरी है। सुप्रीम कोर्ट का मामला अलग है, वहां ऐसा कोई रास्ता नहीं है। बदलाव सिर्फ़ संसद द्वारा पारित किसी क़ानून से आ सकता है। आम जन में धारणा है कि अदालतों की भाषा अंग्रेज़ी तय है और उसमें कुछ नहीं बदल सकता। पर क़ानून पढ़ें तो तस्वीर अलग नज़र आती है। उसमें अपनी भाषा के लिए जगह मौजूद है, लेकिन उसका इस्तेमाल बेहद कम हुआ है। इस्तेमाल कितना कम हुआ, यह आंकड़े बताते हैं। अब तक भारत के केवल चार ही हाई कोर्ट में कार्यवाही के लिए हिंदी की इजाज़त है, ये राज्य हैं राजस्थान (1950), उत्तर प्रदेश (1969), मध्य प्रदेश (1971) और बिहार (1972)। तमिलनाडु, गुजरात, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल और कर्नाटक के प्रस्ताव आगे ही नहीं बढ़ सके। ऐसे हर प्रस्ताव पर भारत के मुख्य न्यायाधीश की सहमति ली जाती है, और केंद्र सरकार संसद में बता चुकी है कि सुप्रीम कोर्ट ने इन्हें स्वीकार नहीं किया। क़ानून बनाने और बने हुए क़ानून के तहत हिंदी या राजभाषा का प्रयोग करने में वक़्त लग सकता है, पर तब तक आम आदमी क्या करे? जवाब अनुवाद में है। राज्यसभा को बताया गया कि 28 मार्च 2025 तक सुप्रीम कोर्ट के ई-एससीआर पोर्टल पर 36,344 फ़ैसले हिंदी में और 47,439 अनुवाद दूसरी भाषाओं में उपलब्ध थे। ये अनुवाद 18 भाषाओं में उपलब्ध हैं, जिनमें तमिल, तेलुगु, बांग्ला, गुजराती और पंजाबी शामिल हैं। हालाँकि, यह केवल सुप्रीम कोर्ट के रिपोर्टेबल यानी चुने हुए अहम फ़ैसले हैं, हर आदेश नहीं। और जो फ़ैसले कई भाषाओं में अनुवादित हैं, वे हर भाषा के हिसाब से अलग गिने गए हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ने इस काम को रफ़्तार दी है, पर अकेली मशीन पर भरोसा नहीं किया जा सकता। 2024 में तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ ने बताया था कि एआई ने लीव ग्रांटेड का अनुवाद अवकाश प्राप्त हुआ कर दिया, जबकि अदालत में इसका मतलब है कि अपील सुनने की इजाज़त मिल गई। ज़ाहिर है, क़ानून की भाषा में एक शब्द चूकने से पूरा अर्थ बदल जाता है। इसीलिए नवंबर 2019 में ₹सुवासर₹ सॉफ़्टवेयर शुरू होने के बाद से अनुवाद की जांच का ढांचा भी खड़ा किया गया है, जिसमें हाई कोर्ट भी शामिल हैं। साझा शब्दावली पर भारतीय भाषा समिति काम कर रही है, जिसे भारतीय बार काउंसिल और केंद्र सरकार ने बनाया है और जिसके अध्यक्ष पूर्व मुख्य न्यायाधीश एस. ए. बोबडे हैं। महत्वपूर्ण सवाल यह भी है कि क्या क्या अंग्रेज़ी हटाकर उसकी जगह किसी एक भारतीय भाषा को बिठा दिया जाए? लेकिन जब केरल या नगालैंड का वकील दिल्ली की पीठ के सामने खड़ा होता है, तो दोनों को एक साझा भाषा चाहिए। अब ज़रूरत इस पहल को हिंदी से आगे ले जाने की है। हर राज्य में उसकी प्रमुख भाषा में सार मिलें, हाई कोर्ट के फ़ैसलों के लिए भी यही व्यवस्था बने और क़ानून, अदालती नियम, फ़ैसले की कॉपी तथा मुफ़्त क़ानूनी मदद की जानकारी राज्य की भाषा में भी उपलब्ध हो। अनुवाद की कामयाबी गिनती से नहीं, उसके उद्देश्य के पूरे होने से परखी जानी चाहिए। कहा जाता है कि न्याय सिर्फ़ होना ही नहीं चाहिए, बल्कि होते हुए स्पष्ट रूप से दिखना भी चाहिए। यानी न्याय का मक़सद सिर्फ़ फ़ैसला सुनाना नहीं, बल्कि उसे समझने का अधिकार सुनिश्चित करना भी है। न्याय तब तक मुकम्मल नहीं हो सकता, जब तक प्रभावित व्यक्ति फ़ैसले को समझ न ले। जो इंसाफ़ समझ में न आए, वह मिलकर भी अधूरा रह जाता है।

(लेखक सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

इच्छाओं का पात्र कभी नहीं भरता



संकलित
दर्शन

एक बार एक साधु राजा के महल में पहुंचा। राजा का नियम था कि उसके महल में सबसे पहले आने वाले व्यक्ति की हर इच्छा पूरी की जाएगी। राजा ने साधु से कहा कि वह जो चाहे मांग सकता है। साधु ने अपने हाथ में पकड़ा छोटा-सा भिक्षापात्र आगे करते हुए कहा, 'महाराज! बस इसे सोने के सिक्कों से भर दीजिए।' राजा को यह बहुत आसान काम लगा। उसने तुरंत सेवकों को सोने के सिक्के लाने का आदेश दिया। सिक्के पात्र में डाले गए, लेकिन वह खाली ही रहा। राजा ने और सिक्के मंगवाए, फिर भी पात्र नहीं भरा। धीरे-धीरे राजा ने अपना पूरा खजाना उस पात्र में डलवा दिया, लेकिन वह फिर भी खाली रहा। आखिरकार राजा ने हार मान ली और साधु से पूछा कि इस छोटे से पात्र में ऐसा क्या रहस्य है, जो यह भरने का नाम ही नहीं लेता? साधु मुस्कराया और बोला, 'महाराज! यह कोई जादुई पात्र नहीं है। यह मनुष्य की खोपड़ी से बना है। जिस प्रकार इंसान का मन कभी संतुष्ट नहीं होता, उसी प्रकार यह पात्र भी कभी नहीं भरता। मनुष्य धन, पद, प्रतिष्ठा और ज्ञान कितना भी प्राप्त कर ले, उसकी इच्छाएं लगातार बढ़ती रहती हैं।' 'साधु ने आगे कहा कि भौतिक सुखों के पीछे भागते-भागते मनुष्य अपना पूरा जीवन बिता देता है, लेकिन मन का खालीपन दूर नहीं होता। सच्ची शांति बाहरी वस्तुओं में नहीं, बल्कि आत्मज्ञान, संतोष और ईश्वर के प्रति समर्पण में है। इसकी सीख यह है कि इच्छाओं का कोई अंत नहीं है। जीवन में वास्तविक सुख अधिक पाने में नहीं, बल्कि जो मिला है उसमें संतोष करना और मन को निर्मल रखना सीखने में है।


जीवन में मुश्किलें स्थायी नहीं होतीं



संकलित
प्रेरणा

पहाड़ की ऊंची चोटी पर एक विशाल चील रहती थी। उसकी उड़ान इतनी ऊंची और तेज थी कि आसमान में दूसरे पक्षी भी उसे देखकर गर्व महसूस करते थे। एक दिन शिकार करते समय शिकारी का तीर उसके पंख में आ लगा। चील घायल होकर जमीन पर गिर पड़ी। जो कभी आसमान की रानी थी, वह अब उड़ने में भी असमर्थ थी। दिन बीतने लगे। चोट के कारण वह शिकार नहीं कर पा रही थी। दूसरे पक्षी उसे देखकर कहते, 'अब यह कभी आसमान में नहीं उड़ पाएगी। इसके उड़ने के दिन खत्म हो गए।' उनकी बातें सुनकर चील निराश हो जाती। एक रात एक बूढ़े उल्लू ने उसे समझाया, 'चोट तुम्हारे पंखों को कमजोर कर सकती है, हौसले को नहीं। अगर तुमने कोशिश करना छोड़ दिया तो हार निश्चित है। धैर्य रखो और धीरे-धीरे दोबारा उड़ने का अभ्यास करो। 'चील को उसकी बातों से नई उम्मीद मिली। उसने पहले अपने पंख फड़फड़ाने शुरू किए। फिर छोटी-छोटी छलांग लगाकर उड़ने का प्रयास किया। कई बार गिरी, दर्द सहा, लेकिन हिम्मत नहीं हारी। आखिरकार कई सप्ताह की मेहनत के बाद एक दिन उसने अपने पंख फैलाए और आसमान की ओर उड़ चली। इससे सीख मिलती है कि जीवन में असफलता और मुश्किलें कभी स्थायी नहीं होतीं। गिरने के बाद फिर उठने का साहस ही असली ताकत है। परिस्थितियां चाहे कितनी भी कठिन हों, धैर्य, आत्मविश्वास और निरंतर प्रयास से मंजिल हासिल की जा सकती है।

अंतर्मन



आज की पाती

जहरीली हवा गंभीर खतरा

जहरीली होती हवा लोगों के स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बन गई है। बच्चों, बुजुर्गों और सांस के मरीजों को सबसे अधिक परेशानी हो रही है। प्रदूषण के कारण आंखों में जलन, सांस लेने में दिक्कत और अन्य बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है।इसके लिए केवल सरकार को जिम्मेदार ठहराना उचित नहीं है, नागरिकों की भी जवाबदेही है। वाहनों का सीमित उपयोग, कचरा न जलाना, अधिक से अधिक पौधे लगाना और निर्माण कार्यों में धूल पर नियंत्रण जैसे कदम जरूरी हैं। प्रशासन को प्रदूषण फैलाने वालों के खिलाफ सख्ती करनी चाहिए। स्कूलों, सामाजिक संस्थाओं और नागरिक संगठनों को भी जागरूकता अभियान चलाने चाहिए। स्वच्छ हवा प्रत्येक नागरिक का अधिकार है। इसके लिए सरकार और समाज को मिलकर ठोस प्रयास करने होंगे।

- संजय सैनी, सोनीपत

ट्रेंड

गुणी व्यक्ति

जो सभी प्राणियों के प्रति समान भाव रखते हैं, और जो इच्छा तथा क्रोध से मुक्त हैं, तथा जो कभी भी न्याय के मार्ग का त्याग नहीं करते, उन्हें ही वास्तव में गुणी व्यक्ति माना जाता है।

- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री



विकास को गति

दिल्ली के निवासियों को वर्षों से जिन बुनियादी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, उन्हें दूर करने के लिए अब ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। हमारी सरकार इन समस्याओं के समाधान के लिए ज़मीनी स्तर पर योजनाएं लागू कर रही है। ये प्रयास दिल्ली के विकास को गति दे रहे हैं।

-परवेश साहिब सिंह, कैबिनेट मंत्री, दिल्ली



गोशालाओं को अनुदान

पशुपालन केवल धार्मिक आस्था का विषय ही नहीं है, बल्कि यह ग्रामीण अर्थव्यवस्था और आत्मनिर्भरता का एक मजबूत आधार भी है। आज राज्य भर की 3,000 से अधिक पंजीकृत गोशालाओं को 65.66 करोड़ की अनुदान राशि हस्तांतरित की।

- डॉ. मोहन यादव, सीएम, मध्यप्रदेश



'पीडीए सरकार' बनाएंगे

कुछ ही महीनों में, हम अपनी 'पीडीए सरकार' बनाएंगे और राशन में सरसों का तेल उपलब्ध कराएंगे, ताकि किसी भी शोषित, वंचित या गरीब व्यक्ति को इन भाजपा वालों के हाथों अपमानित न होना पड़े और न ही लाठियां खानी पड़ें।

-अखिलेश यादव, सांसद, सपा



करंट अफेयर

महिलाओं से हर जिम्मेदारी की अपेक्षा, सम्मान देने में समाज पीछे

राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) की अध्यक्ष विजया रहाटकर ने कहा कि समाज महिलाओं से घर संभालने, आजीविका कमाने, परिवार का सहारा बनने और भावनात्मक संबल देने की अपेक्षा तो करता है, लेकिन इसके बावजूद उनके साथ भेदभाव जारी है। रहाटकर ने महिलाओं के प्रति समाज की सोच में बुनियादी बदलाव की जरूरत पर जोर दिया। सरकारों ने महिलाओं की सुरक्षा के लिए कई कानून बनाए हैं, लेकिन केवल कानूनों से अपेक्षित बदलाव नहीं लाया जा सकता। 'मुझे यह देखकर भी थोड़ा आश्चर्य होता है कि समाज महिलाओं से हर चीज की अपेक्षा करता है। चाहे घर की देखभाल की बात हो, इसके लिए मां, पत्नी, बहन या बेटी ही होनी चाहिए। उसे हर परिस्थिति में मजबूती से खड़ा होना चाहिए, आत्मनिर्भर बनना चाहिए, कमाना चाहिए, सबका सहारा बनना चाहिए, घर के काम करने चाहिए और सभी को भावनात्मक संबल भी देना चाहिए। उससे ये सभी अपेक्षाएं की जाती हैं। लेकिन 'कभी-कभी मुझे यह देखकर बहुत आश्चर्य और दुख होता है कि जिस देश में सदियों से महिलाओं का इतना सम्मान किया जाता रहा है, वहां आज भी उनके साथ भेदभाव होता है। समाज उसको सम्मान देने में पीछे है। यह बात मुझे बहुत परेशान करती है।' "जब उसी मां, बहन या बेटी को घरेलू हिंसा का शिकार होना पड़ता है, तो बहुत दुख होता है। घरेलू हिंसा पर समाज की सोच बदलनी होगी



ऑफ बीट

रबड़ के दस्तानों पर डंपिंग रोधी शुल्क की सिफारिश

वाणिज्य मंत्रालय की जांच इकाई डीजीटीआर ने थाइलैंड और मलेशिया से आयात किए जाने वाले चिकित्सा जांच में इस्तेमाल होने वाले रबड़ के दस्तानों पर पांच साल के लिए प्रति एक लाख इकाई पर 565 अमेरिकी डॉलर तक का डंपिंग-रोधी शुल्क लगाने की सिफारिश की है। एक अधिसूचना में यह जानकारी दी गई है। इस शुल्क से घरेलू विनिर्माताओं को इन दोनों देशों से होने वाले सस्ते आयात से बचाने में मदद मिलेगी। व्यापार उपचार महानिदेशालय (डीजीटीआर) ने थाइलैंड और मलेशिया के विनिर्माताओं द्वारा इन उत्पादों को भारतीय बाजार में कथित तौर पर लागत से कम कीमत पर बेचे जाने के प्रभाव की जांच के बाद यह सिफारिश की है। डीजीटीआर ने अधिसूचना में कहा, "प्राधिकरण संबंधित देशों में उत्पादित या वहां से निर्यात किए जाने वाले संबंधित उत्पादों के आयात पर निश्चित डंपिंग-रोधी शुल्क लगाना आवश्यक मानता है और इसकी सिफारिश करता है।" इसमें कहा गया कि प्रस्तावित शुल्क प्रति एक लाख दस्तानों पर 442 अमेरिकी डॉलर से 565 अमेरिकी डॉलर के बीच है। शुल्क लगाने पर अंतिम फैसला वित्त मंत्रालय करेगा। डीजीटीआर ने अपने अंतिम निष्कर्षों में कहा कि डंपिंग वाले आयात के कारण "शुरुआती चरण में चल रहे घरेलू उद्योग को गंभीर नुकसान हुआ है।"



हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

उषा को एसओएम चुनाव में झटका, साइना, अंजू, डोला और रानी निर्वाचित

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

चार महिला प्रतिनिधियों के निर्वाचन के लिए 80 एसओएम मतदाता सूची में थे



भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा को सोमवार को 'स्पोर्ट्सपर्सन ऑफ मेरिट' (उत्कृष्ट खिलाड़ी यानी एसओएम) के रूप में चार महिला प्रतिनिधियों में चुने जाने में नाकाम रहने से बड़ा झटका लगा। पूर्व बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल छह उम्मीदवारों के बीच हुए विवादित चुनाव में बाजी मारने में सफल रहीं। उनके अलावा लंबी कूद की महान खिलाड़ी अंजू बॉबी जॉर्ज, पूर्व तीरंदाज डोला बनर्जी और भारतीय महिला हॉकी टीम की पूर्व कप्तान रानी रामपाल भी एसओएम चुनी गईं।

चुनाव अधिकारी संजय कुमार श्रीवास्तव द्वारा जारी चुनाव परिणामों के अनुसार, चार महिला प्रतिनिधियों के निर्वाचन के लिए 80 एसओएम (40 पुरुष और 40 महिलाएं) मतदाता सूची में शामिल थे। इन सभी 80 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। सोमवार को सुबह नौ बजे से शाम पांच बजे तक हुए ऑनलाइन मतदान में छह उम्मीदवारों ने हिस्सा लिया। अंजू को सर्वाधिक 53 मत मिले, जबकि रानी 50 मतों के साथ दूसरे स्थान पर रहीं। डोला को 45 और साइना को 43 मत प्राप्त हुए। उषा 40 मतों के साथ पांचवें स्थान पर रहीं, जबकि पूर्व बास्केटबॉल खिलाड़ी अनिता पॉल दुरई को छह मत मिले।

आठ एसओएम आईओए की महासभा के सदस्य बनेंगे

वर्ष 2022 में पीटी उषा एसओएम के रास्ते निर्विरोध निर्वाचित होकर आईओए की पहली महिला अध्यक्ष बनी थीं। निर्वाचित होने वाले आठ एसओएम आईओए की महासभा के सदस्य बन जाएंगे। इसके साथ ही उन्हें पांच दिसंबर को होने वाले नये कार्यकारी परिषद के चुनाव में मतदान करने के साथ-साथ उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ने का भी अधिकार मिल जाएगा। इन आठ एसओएम में से दो सदस्यों (एक पुरुष और एक महिला) को आईओए की कार्यकारी परिषद में भी जगह मिलेगी।

विवाद भी बढ़ा

आईओए के एसओएम चुनाव के दौरान उस समय विवाद खड़ा हो गया जब पीटी उषा ने चुनाव अधिकारी संजय कुमार श्रीवास्तव के समक्ष शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने पूर्व तीरंदाज डोला बनर्जी पर व्हाट्सऐप संदेश के जरिए वोट मांगकर आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने का आरोप लगाया। अपनी शिकायत में उषा ने एक ऐसे व्हाट्सऐप संदेश पर आपत्ति जताई जो कथित तौर पर डोला बनर्जी के नाम वाले अकाउंट से भेजा गया था। इस संदेश में 'न्यू भारत पैनल' के समर्थन की अपील की गई थी। साथ ही मतदाताओं से चार उम्मीदवारों को वोट देने का आग्रह किया गया था। संदेश में इन उम्मीदवारों के नाम के साथ उनके बैलेट सीरियल नंबर और मतदाता सूची के क्रमांक भी दिए गए थे।

ये पुरुष खिलाड़ी निर्विरोध चुने

इससे पहले शनिवार को ओलंपिक पदक विजेता गगन नारंग, विजेंदर सिंह और योगेश्वर दत्त के साथ पूर्व टेबल टेनिस खिलाड़ी कमलेश मेहता चार पुरुष एसओएम के रूप में निर्विरोध चुने गए थे। उनके मुकाबले में खड़े आठ अन्य उम्मीदवारों ने नामांकन वापस ले लिया था। लंदन ओलंपिक (2012) में 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने वाले 43 वर्षीय गगन को भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के अध्यक्ष पद के प्रबल दावेदारों में से एक माना जा रहा है।

उषा के लिए यह जरूरी

उषा अब पांच दिसंबर को होने वाले आईओए की कार्यकारी परिषद के चुनाव में तभी उम्मीदवार बन सकती हैं जब कोई राष्ट्रीय खेल महासंघ (एनएसएफ) उन्हें आम सभा के लिए नामित करे। इसकी संभावना हालांकि कम बताई जा रही है। एथलेटिक्स की इस दिग्गज खिलाड़ी को भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) के दो प्रतिनिधियों में जगह मिलने की भी उम्मीद बेहद कम है। आईओए के संविधान के मुताबिक अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ने के लिए उम्मीदवार का एसओएम या महासभा का सदस्य होना अनिवार्य है।

टीपीएल 36 जूनियर खिलाड़ियों को देगी छात्रवृत्ति

- दो को ऑस्ट्रेलियाई ओपन में खेलने का मिलेगा अवसर

नई दिल्ली। टेनिस प्रीमियर लीग (टीपीएल) जमीनी स्तर पर प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने की पहल के तहत छह क्षेत्रों के 36 होनहार जूनियर खिलाड़ियों को 75-75 हजार रुपये की छात्रवृत्ति प्रदान करेगी। इसके अलावा अंडर-14 वर्ग के दो चैंपियन खिलाड़ियों को 2027 के ऑस्ट्रेलियाई ओपन में जाने का अवसर भी मिलेगा। रेस टू गोल्ड मास्टर्स प्रतियोगिता का आयोजन नवंबर में तीन सप्ताहांत के दौरान किया जाएगा। इसकी शुरुआत 14-15 नवंबर को दिल्ली लॉन टेनिस संघ (डीएलटीए) के कोर्ट पर उत्तर क्षेत्र की प्रतियोगिता से होगी।

तीसरा वनडे आज, पांच मैचों की सीरीज में 2-0 से आगे भारत

न्यूजीलैंड के खिलाफ शृंखला जीतने उतरेगा भारत, रोहित पर रहेंगी निगाहें

एजेंसी ▶▶ हैमिल्टन

अंतिम दो मैचों में कप्तानी श्रेयस करेंगे



अनुभवी बल्लेबाज रोहित शर्मा की फॉर्म पर सवाल उठ रहे हैं लेकिन भारत मंगलवार को यहां तीसरे एकदिवसीय में चोटों से जूझ रही न्यूजीलैंड की टीम को हराकर पांच मैच की शृंखला में विजयी बढ़त हासिल करने के इरादे से उतरेगा। हालांकि तेज गेंदबाजों की अनुकूल परिस्थितियां भारतीय शीर्ष क्रम के लिए चुनौती पेश कर सकती हैं। भारत पांच मैच की शृंखला में 2-0 से आगे है लेकिन ईडन पार्क में विराट कोहली की शानदार पारी को छोड़ दें तो कप्तान शुभमन गिल और अनुभवी रोहित समेत अन्य बल्लेबाज तेज गेंदबाजों की अनुकूल परिस्थितियों में सहज नजर नहीं आए हैं। गिल की प्राथमिकता तीसरे मैच में ही शृंखला जीतना होगी क्योंकि वह अंतिम दो मुकाबलों में नहीं खेलेंगे। उन्हें न्यूजीलैंड के खिलाफ वेलिंगटन में होने वाले पहले टेस्ट की तैयारी के लिए अपना ध्यान लाल गेंद के क्रिकेट पर लगाना होगा। तीसरे एकदिवसीय में अच्छी पारी खेलकर शृंखला भारत के नाम करने से गिल का टेस्ट शृंखला से पहले आत्मविश्वास बढ़ेगा। अंतिम दो एकदिवसीय में टीम की कप्तानी श्रेयस अय्यर करेंगे। ये दोनों मुकाबले टाउरंगा में खेले जाएंगे।

बारिश से प्रभावित होने का खतरा

सेडन पार्क में तीसरा मुकाबला भी बारिश से प्रभावित हो सकता है। ठंडी और गीली परिस्थितियों के कारण एक बार फिर तेज गेंदबाजों को अतिरिक्त स्विंग और उछाल मिल सकता है जिससे बल्लेबाजों की मुश्किलें बढ़ेंगी। ऐसे हालात में 39 वर्षीय पूर्व कप्तान रोहित को शृंखला के शुरुआती दो मैच में बनाए गए शून्य और 23 रन के स्कोर से बेहतर प्रदर्शन करना होगा। पिछले एक साल में रोहित ने अपने बल्लेबाजी के अंदाज में बदलाव किया है। अब वह आक्रामक रुख अपनाने से पहले पारी की नींव मजबूत करने को प्राथमिकता देते हैं। वर्ष 2023 के एकदिवसीय विश्व कप तक उनके जोखिम लेकर आक्रामक बल्लेबाजी करने के अंदाज की तुलना में यह स्पष्ट बदलाव है लेकिन इस रणनीति के परिणाम मिलेजुले रहे हैं। न्यूजीलैंड में अब तक की परिस्थितियों में संभलकर बल्लेबाजी करना जरूरी रहा है लेकिन रोहित दोनों मैच में सहज नहीं दिखे। इसके विपरीत कोहली ने वेलिंगटन में दूसरे एकदिवसीय में कम समय तक क्रीज पर रहने के बावजूद शानदार लय दिखाई थी।

टीमें इस प्रकार हैं-

न्यूजीलैंड: मिचेल सैंटनर (कप्तान), माइकल ब्रेसवेल, क्रिस्टियन क्लार्क, जैकब डफी, मैट फिशर, काइल जेमीसन, निक केली, टॉम लैथम, डेरिल मिचेल, हेनरी निकोल्स, ग्लेन फिलिप्स, टिम साइफर्ट, नाथन स्मिथ और विल यंग।

भारत: शुभमन गिल (कप्तान), रोहित शर्मा, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, अक्षर पटेल, नमन धीर, अंशुल कंबोज, आकिब नबी, गुरनूर बरार, अर्शदीप सिंह, इशान किशन, मोहम्मद सिराज और कुलदीप यादव।

समय : मैच भारतीय समयानुसार सुबह 7:30 बजे शुरू होगा।

चेन्नई ओपन : लिनेट ने गत चैंपियन टीजेन को हराकर खिताब जीता



एजेंसी ▶▶ चेन्नई

पोलैंड की मार्ग्दा लिनेट ने शानदार वापसी करते हुए गत चैंपियन और शीर्ष वरीयता प्राप्त इंडोनेशिया की जेनिस टीजेन को सोमवार को यहां 5-7, 6-1, 6-4 से हराकर डब्ल्यूटीए 250 चेन्नई ओपन का महिला एकल वर्ग का खिताब जीत लिया। रविवार शाम को होने वाला फाइनल लगातार बारिश के कारण खेल प्रभावित होने के चलते सोमवार तक स्थगित कर दिया गया था। इसके बाद प्रदूषण और धुंध की घनी परत के कारण कम दृश्यता होने से भी परिस्थितियां खेलने के अनुकूल नहीं थीं। तीसरी वरीयता प्राप्त लिनेट ने पहला सेट करीबी मुकाबले में गंवाने के बाद शानदार वापसी की। उन्होंने दूसरे सेट में दबदबा बनाया और निर्णायक सेट में संयम बरकरार रखते हुए अपने करियर का चौथा एकल खिताब हासिल किया। टीजेन ने पिछले साल यहां खिताब जीता था और वह चेन्नई ओपन का खिताब सफलतापूर्वक बचाने वाली पहली खिलाड़ी बनने की कोशिश में थीं। वहीं लिनेट ने दो साल से अधिक समय से चले आ रहे खिताबी सूखे को समाप्त किया। उन्होंने पिछली बार जुलाई 2024 में प्राग ओपन का खिताब जीता था। पोलैंड की इस खिलाड़ी ने 2022 में भी चेन्नई ओपन के फाइनल में जगह बनाई थी लेकिन तब उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। इस टूर्नामेंट में भारतीय महिला टेनिस के लिए भी ऐतिहासिक उपलब्धि देखने को मिली। वैष्णवी अडकर और ऋतुजा भोसले डब्ल्यूटीए टूर युगल फाइनल में पहुंचने वाली पहली ऐसी जोड़ी बनीं जिसकी दोनों खिलाड़ी भारतीय हैं। हालांकि रविवार को खेले गए फाइनल में उन्हें सिमोना वाल्टर और नैमा करामोको की स्विट्जरलैंड की जोड़ी के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा और वे उपविजेता रहीं।

तन्वी की नजर ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने पर

नई दिल्ली। भारत की 15 वर्षीय भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी तन्वी पत्री ने लगातार चोटों से जूझने के बाद अपनी उम्मीदों को थोड़ा व्यावहारिक बनाया है जहां अगले दो वर्षों में उनका सबसे बड़ा लक्ष्य 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करना है। डकार में हुए युवा ओलंपिक में ऐतिहासिक रजत पदक जीतने के बाद तन्वी की नजर एशियाई जूनियर चैंपियनशिप और विश्व जूनियर चैंपियनशिप का खिताब जीतने पर भी है।

युवा ओलंपिक तीरंदाजी के क्वार्टर फाइनल में हारीं गाथा

डकार। युवा ओलंपिक में भारत की एकमात्र तीरंदाज गाथा खडके को सोमवार को महिला व्यक्तिगत रिकर्व अंडर-18 स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में करीबी मुकाबले के बाद हार का सामना करना पड़ा। उन्हें अमेरिका की छठी वरीयता प्राप्त यीउन व्हांग ने शूट-ऑफ में हराकर प्रतियोगिता से बाहर कर दिया। पांच सेट तक चले रोमांचक मुकाबले में दोनों तीरंदाजों के बीच 5-5 से बराबरी रही।

अफगानिस्तान-जिम्बाब्वे के बीच पहला टेस्ट ड्रॉ

शारजाह। अफगानिस्तान और जिम्बाब्वे के बीच पहले टेस्ट मैच में दोनों टीमों ने मिला कर 1500 से अधिक रन बनाये लेकिन सोमवार को यह मुकाबला नीरस ड्रॉ के साथ समाप्त हुआ। इस मैच में छह शतक और एक दोहरा शतक भी लगा, लेकिन सपाट और गेंदबाजों के लिए बेअसर पिच पर जिम्बाब्वे ने दूसरी पारी घोषित नहीं करने का फैसला किया, जिससे मुकाबले का कोई नतीजा नहीं निकल सका। जिम्बाब्वे के अनुभवी बल्लेबाज क्रेग एर्विन और हरफनमौला वेस्ली मधेवेरे ने दूसरी पारी में नाबाद 206 रन की साझेदारी की। इस दौरान दोनों खिलाड़ियों ने व्यक्तिगत उपलब्धियां भी हासिल कीं। 41 वर्षीय एर्विन ने अपने टेस्ट करियर का पहला दोहरा शतक लगाया। वह 206 रन बनाकर नाबाद रहे। ऑफ स्पिनर मधेवेरे ने टेस्ट क्रिकेट में अपना पहला शतक जड़ा और 100 रन बनाकर नाबाद लौटे। जिम्बाब्वे ने दूसरी पारी में पांच विकेट पर 523 रन बनाए। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे ब्रेंडन टेलर ने 82 रन का योगदान दिया। उन्होंने पहली पारी में भी 131 रन बनाए थे। कप्तान ब्रायन बेनेट ने 128 रन की पारी खेली थी। इन दोनों के शतकों की मदद से जिम्बाब्वे ने पहली पारी में 504 रन बनाए। इसके जवाब में अफगानिस्तान ने भी 514 रन बनाए। उसकी ओर से सलामी बल्लेबाज सेदिकुल्लाह अटल (105), तीसरे नंबर के बल्लेबाज रहमानुल्लाह (113) और चौथे नंबर पर उतरे कप्तान रहमत शाह (173) ने शतक जड़े।

विश्व टूर फाइनल्स में जगह बनाने की उम्मीदों को मजबूत करने उतरेंगे लक्ष्य

एजेंसी ▶▶ कुमामोतो (जापान)



जर्मनी में खिताब जीतकर फॉर्म में लौटे भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन को साल के आखिर में होने वाले बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर फाइनल्स में जगह बनाने के लिए मंगलवार से शुरू हो रहे कुमामोतो मास्टर्स जापान सुपर 500 टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। विश्व रैंकिंग में 13वें स्थान पर काबिज लक्ष्य ने हाइलो ओपन का खिताब जीतकर मुश्किल दौर को पीछे छोड़ा है। वह जापान में पांच लाख डॉलर की इनामी राशि वाले टूर्नामेंट में अपने अभियान की शुरुआत चीनी ताइपे के विश्व में 24वें नंबर के खिलाड़ी ची यू जेन के खिलाफ करेंगे। आठवीं वरीयता प्राप्त भारतीय खिलाड़ी फिलहाल बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर रैंकिंग में 10वें स्थान पर है। चीन में होने वाले सत्र के समापन टूर्नामेंट में क्वालीफाई करने के लिए उन्हें शीर्ष आठ में जगह बनानी होगी। अल्मोड़ा के 25 वर्षीय लक्ष्य का ची यू जेन के खिलाफ जीत-हार का रिकॉर्ड 1-1 है। इस सप्ताह कुमामोटो में और अगले सप्ताह हांगकांग ओपन सुपर 500 में अच्छा प्रदर्शन उन्हें विश्व टूर फाइनल्स का टिकट दिला सकता है। विश्व टूर फाइनल्स का आयोजन नौ से 13 दिसंबर तक होगा। पुरुष एकल में भारत के किदांबी श्रीकांत भी चुनौती पेश करेंगे। इसी साल जून में अमेरिका ओपन के फाइनल तक पहुंचने वाले श्रीकांत का सामना डेनमार्क के राममुस गेम्के से होगा। महिला एकल में मालविका बंसोड़ की भिड़ंत जापान की पांचवीं वरीय तोमोका मियाजाकी से होगी। पुरुष युगल में विश्व रैंकिंग में छठे स्थान पर काबिज और छठी वरीयता प्राप्त सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी तथा चिराग शेट्टी की जोड़ी फिर से जीत की लय हासिल करने के इरादे से उतरेगी।

युवा ओलंपिक : शौर्या ने 100 मीटर बाधा दौड़ में कांस्य जीत रचा इतिहास



चीन की झांग ने स्वर्ण और फ्रांस की अन्ना ने रजत जीता


डकार (सेनेगल)। भारत की उभरती हुई धाविका शौर्या अंबुरे ने युवा ओलंपिक में महिलाओं की 100 मीटर बाधा दौड़ में कांस्य पदक जीतकर इतिहास रच दिया। महाराष्ट्र की 17 वर्षीय शौर्या ने रविवार को यहां 13.59 सेकंड का समय निकालकर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। शौर्या इन खेलों में एथलेटिक्स में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाली एकमात्र खिलाड़ी है। चीन की झांग केयी ने 13.17 सेकंड के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि फ्रांस की अन्ना पीटर्स ने 13.57 सेकंड के समय के साथ रजत पदक अपने नाम किया। शौर्या ने एक ही दिन में दो बार अपना व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन सुधारा। उन्होंने सेमीफाइनल में 13.77 सेकंड का समय निकालकर अपना पिछला रिकॉर्ड बेहतर किया था। इसके बाद फाइनल में 13.59 सेकंड का समय निकालने में सफल रहीं। शौर्या पिछले 18 महीनों में एशियाई अंडर-18 चैंपियनशिप, एशियाई युवा खेलों और युवा ओलंपिक में पदक जीतने में सफल रही हैं।

पुरुष हॉकी टीम के मुख्य कोच ने कहा, हमने पूरी कोशिश व प्रयास किए

पहले महाद्वीप और फिर विश्व में दबदबा जरूरी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय पुरुष हॉकी टीम के मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन को विश्व कप में देश के निराशाजनक रिकॉर्ड का मलाल है लेकिन उनका मानना है कि विश्व हॉकी में मजबूत ताकत बनने के लिए पहले महाद्वीपीय स्तर पर अपना दबदबा कायम करना जरूरी है। मई 2023 में भारतीय टीम की कमान संभालने वाले फुल्टोन के मार्गदर्शन में भारत ने लगातार दो एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक और लगातार तीन एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी खिताब जीते हैं। इन उपलब्धियों से विश्व की शीर्ष चार टीम में जगह बनाने की भारत की कोशिशों को मजबूती मिली है। दक्षिण अफ्रीका के फुल्टोन ने पीटीआई को दिए विशेष साक्षात्कार में कहा, ''जब मैंने पदभार संभाला था तब भारत कई वर्षों से एशियाई खेलों में पदक नहीं जीत पाया था इसलिए शुरुआत कहीं से तो करनी ही होती है। सबसे पहले विश्व कप और ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करना होता है। और इन प्रतियोगिताओं के लिए क्वालीफाई कहां से करते हैं? एशिया से।'' उन्होंने कहा, 'आपको एशिया से शुरुआत करके पहले इस महाद्वीप में अपना दबदबा कायम करना होता है। इसके बाद क्वालीफाई करना मानसिक रूप से आसान हो जाता



है। आप इसमें इतने माहिर हो जाते हैं कि आपको भरोसा हो जाता है कि क्वालीफाई करने की आपकी संभावना बहुत अच्छी है।''

विश्व कप में निराशाजनक प्रदर्शन का बड़ा दुख रहा

भारत ने 2022 में हांगझोउ एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीता था और इस साल जापान के आइची-नागोया में खिताब का सफलतापूर्वक बचाव किया। इसके अलावा भारतीय टीम ने चेन्नई (2023), चीन (2024) और पंजाब (2026) में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी जीतकर खिताबों की हैट्रिक पूरी की। फुल्टोन ने कहा कि एशिया में भारतीय टीम के प्रदर्शन में निरंतरता उनके लिए काफी संतोष की बात है क्योंकि इस तरह का दबदबा कायम करने में समय लगा है। भारत की प्रगति पर संतोष जताने के बावजूद फुल्टोन ने स्वीकार किया कि विश्व कप में टीम का निराशाजनक प्रदर्शन एक बड़ा धब्बा रहा, विशेषकर पेरिस ओलंपिक में अच्छे प्रदर्शन के बाद। भारत ने पेरिस में ओलंपिक में 50 साल में पहली बार ऑस्ट्रेलिया को हराया था और लगातार दूसरा कांस्य पदक जीता था। इसके अलावा सेमीफाइनल में जर्मनी को कड़ी चुनौती दी थी। फुल्टोन ने कहा, ''लेकिन इसके बाद विश्व कप में हमें निराशा हाथ लगी। विश्व कप एक दिलचस्प प्रतियोगिता है।'' उन्होंने कहा, ''ओलंपिक में प्रेरणा का स्तर बहुत ऊंचा होता है लेकिन विश्व कप में ऐसा नहीं होता। कुछ अजीब कारणों से विश्व कप में हमारा प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है, जबकि ओलंपिक से पहले एशियाई खेलों में हमारा रिकॉर्ड काफी अच्छा रहा है।'' फुल्टोन ने इस साल विश्व कप और एशियाई खेलों के बीच केवल तीन सप्ताह के अंतर को भी चुनौतीपूर्ण बताया। उनके अनुसार इतने कम समय में दो बड़ी प्रतियोगिताओं की तैयारी और उनमें अच्छा प्रदर्शन करना मुश्किल हो जाता है।

उत्तर रेलवे

ई–निविदा

खुली निविदा संख्या 35–अम्बाला / 2026–27 दिनांक 09.11.2026

वरिष्ठ मंडल अभियंता-समन्वय/अम्बाला के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई-निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्न लिखित कार्यों हेतु खुली निविदायें आमंत्रित की जाती है जो कि उन कार्यों के सामने दी गयी तिथि को 15:00 बजे तक खुली रहेगी और उसके बाद खोली जाएगी।

क्र. सं.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (Rs.)	अग्रिम राशि (Rs.)	कार्य समाप्ति का समय	निविदा खुलने की तिथि
1	अंबाला डिविजन में नॉन इंटरलॉक्ड लेवल क्रॉसिंग गेट्स पर गेट सिग्नलिंग के लिए रिले हट का प्रावधान (टीवीयू 10000 और 20000 के बीच) 32 लेवल क्रॉसिंग के लिए, बठिंडा–श्रीगंगानगर लेवल क्रॉसिंग नंबर 18, 21, 23, 25, 26, 28, 36, 44, 54, 60, 64, 79, 97, 99 और राजपुरा–बठिंडा 30, 37, 46, 47, 57, 66, 73, 74, 77, 79, 82, 99, 109, 111, 112, 121, 125, 127)।	4,95,58,698	9,91,200	12 महीने	02.12.2026
2	सहायक मंडल इंजीनियर / शिमला के तहत कालका–शिमला खंड पर अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत शिमला रेलवे स्टेशन का सॉफ्ट अपग्रेडेशन / सुधार।	6,95,13,712	13,90,300	12 महीने	02.12.2026
3	01) वरिष्ठ मंडल इंजीनियर–प्रथम/अंबाला के अधीन सेक्शन में ठेकेदार की स्वयं की SQRS मशीन द्वारा 20.327 किलोमीटर CTR(P) एवं 16.221 ट्रैक किलोमीटर TSR कार्य। (02) वरिष्ठ मंडल इंजीनियर–तृतीय/अंबाला के अधीन सेक्शन में ठेकेदार की स्वयं की SQRS मशीन द्वारा 12.799 किलोमीटर TSR(P) कार्य।	8,06,34,732	16,12,700	12 महीने	02.12.2026
4	धुरी–बठिंडा (DUI-BTI) सेक्शन के किमी 140/34–36 पर बंद समपार संख्या LC–115 के निकट रेलवे ओवरब्रिज (ROB) के पास पुशिंग विधि द्वारा दोपहिया वाहनों के आवागमन हेतु 3 मीटर x 2.5 मीटर आकार के 01 लिमिटेड हाइट सबवे (LHS) का निर्माण।	5,82,22,798	11,64,500	10 महीने	02.12.2026
5	अंबाला डिविजन में नॉन–इंटरलॉक L–क्रॉसिंग गेट्स पर गेट सिग्नलिंग के लिए रिले हट की व्यवस्था (TVU 10000 और 20000 के बीच) (सरहिंद–दौलतपुर चौक सेक्शन:– लेवल क्रॉसिंग नंबर 26, 36, 41, 57, 58, 59, 64, 65, 66, 67, 74, 75, 81 और 84, न्यू मोरिंडा–सानेहवाल सेक्शन:– लेवल क्रॉसिंग नंबर 12 और 14, हिंडन केबिन–सहारनपुर जंक्शन सेक्शन:– लेवल क्रॉसिंग नंबर 540C और चंडी मंदिर–कालका सेक्शन:– लेवल क्रॉसिंग नंबर 137C, कुल 18 लेवल क्रॉसिंग)।	2,78,76,839	5,57,500	09 महीने	02.12.2026

नोट :– 1. ठेकेदार को शर्तों के अनुसार निविदा योग्यता पूरी करने हेतु सभी जरूरी सम्बंधित डॉक्यूमेंटों के स्कैनिंग कॉपी को रेलवे वेबसाइट **IREPS** पर अपलोड करनी जरूरी है। 2. अग्रिम राशि ऑन लाइन पेमेन्ट नेट बैंकिंग / गेटवे पेमेंट / बैंक गारंटी बॉड अनुबंध IV के द्वारा ही स्वीकार्य होंगे। 3. निविदा की विस्तृत जानकारी हेतु रेलवे वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर लोग ऑन करें। 4. ठेकेदार को ई–निविदा में भागीदारी हेतु (क्लास– I I I) डिजिटल सिगनेचर सार्टिफिकेट द्वारा लोग ऑन करना होगा। 5. जी. एस. टी. एक्ट 2017 के अनुसार लागू होगी।

3924/26

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

खबर संक्षेप

टीएमसी विधायक परेशराम गिरफ्तार

कोलकाता। टीएमसी विधायक परेशराम दास को पुलिस ने रेप के आरोप में कोलकाता एयरपोर्ट से



गिरफ्तार किया है। परेशराम के खिलाफ एक महिला ने इसी साल सितंबर में शिकायत दर्ज करवाई है कि दास ने 4 लाख रुपए के बदले उसके पति को 2023 के पंचायत चुनाव का टिकट दिलाने का वादा किया था। महिला का दावा है कि वह पैसे देने के लिए विधायक द्वारा बनाए गए एक वृद्धाश्रम में गई थी।

चीन में इमारत में आग, 14 की मौत

बीजिंग। चीन के उत्तरी शांक्सी प्रांत की राजधानी ताइयुआन में एक बहुमंजिला इमारत में आग लग जाने से 14 लोगों की मौत हो गई, जबकि 60 अन्य लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। चार बजकर 59 मिनट पर इमारत में आग लगी। सरकारी समाचार पत्र 'ग्लोबल टाइम्स' की खबर के अनुसार, आग को दोबारा भड़कने से रोकने के लिए दमकलकर्मियों ने शहर के यिंग्जे जिले में इमारत की ऊपरी मंजिलों पर पानी डालने के लिए ऊंचाई पर आग बुझाने वाले उपकरणों का इस्तेमाल किया।

दो कुकी युवाओं की हत्या का केस एनआईए को सौंपा

इंफाल। मणिपुर के मुख्यमंत्री वाई खेमचंद सिंह ने सोमवार को बताया कि सेनापति जिले में दो कुकी युवाओं की हत्या का मामला एनआईए को सौंप दिया गया है। मुख्यमंत्री ने यह घोषणा उन दो युवाओं के परिवारों से मुलाकात के दौरान की। ये युवा पड़ोसी कांगपोकपी जिले से लापता हो गए थे और बाद में सेनापति जिले में मृत पाए गए। ताफौ कुकी गांव के रहने वाले पाओगिनलाल हंगशिंग और टिंगिनलुएन चोंगलोई 28 अक्टूबर को लापता हो गए थे। 1 नवंबर को सुरक्षा बलों के एक संयुक्त तलाशी अभियान के दौरान उनके शव बरामद किए गए।

तपती धरती का नया अलार्म: इतिहास के सबसे गर्म वर्षों में से एक होगा 2026

- विश्व मौसम विज्ञान संगठन की नई रिपोर्ट में बड़ा दावा
- अल नीनो' का प्रभाव अगस्त से लगातार जोर पकड़ता जा रहा

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

साल 2026 ज्ञात मौसम इतिहास के चार सबसे गर्म वर्षों में से एक होगा, क्योंकि इस साल जनवरी से सितंबर के बीच की अवधि में वैश्विक औसत तापमान पूर्व-औद्योगिक काल (1850 से 1900 के बीच की अवधि के औसम तापमान) के मुकाबले 1.47 डिग्री सेल्सियस अधिक दर्ज किया गया। विश्व मौसम विज्ञान संगठन (डब्ल्यूएमओ) की नई रिपोर्ट में यह बात कही गई है। रिपोर्ट के मुताबिक, 2026 में वैश्विक औसत तापमान में वृद्धि का यह आंकड़ा 2025 और 2023 में पूरे साल में दर्ज की गई औसत बढ़ोतरी से अधिक है, जबकि 2024 (जिसे ज्ञात मौसम इतिहास के सबसे गर्म वर्ष के तौर पर दर्ज किया गया है) के मुकाबले यह थोड़ा ही कम है। इसमें कहा गया है कि 2026 के अंत तक तापमान वृद्धि के आंकड़े के और बढ़ने की आशंका है, जिसकी वजह 'अल नीनो' का प्रभाव है, जो अगस्त से लगातार जोर पकड़ रहा है और जिसके दिसंबर तक अब तक के सबसे शक्तिशाली स्तर पर पहुंचने की आशंका है।

चरम मौसमी घटनाओं के एक नए दौर में प्रवेश कर चुके



संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुतारेस ने में कहा कि हम चरम मौसमी घटनाओं के एक नए दौर में प्रवेश कर चुके हैं। मानव जनित जलवायु परिवर्तन के कारण पहले ही बहुत गर्म हो चुकी पृथ्वी को एक बहुत शक्तिशाली 'अल नीनो' का सामना करना पड़ रहा है। जलवायु परिवर्तन के पिछले रिकॉर्ड लगातार टूट रहे हैं। मनुष्यों को होने वाला नुकसान बढ़ता जा रहा है।" उन्होंने कहा,"और जो लोग इसके लिए सबसे कम जिम्मेदार हैं, वे ही सबसे पहले और सबसे बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। नेताओं को गंभीरता दिखानी होगी-उन्हें ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन में तेजी से कटौती करनी होगी, जीवाश्म ईंधन अपनाने की प्रक्रिया को तेज करना होगा और कमजोर तथा संवेदनशील देशों को वह आर्थिक मदद एवं सुरक्षा देनी होगी, जिसकी उन्हें जरूरत है।

पृथ्वी का ऊर्जा असंतुलन बिगड़ा

डब्ल्यूएमओ की रिपोर्ट के अनुसार, वैश्विक तापमान में वृद्धि का मुख्य कारण यह है कि पृथ्वी का ऊर्जा असंतुलन बढ़ रहा है और उसमें तेजी से गर्मी जमा हो रही है। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह असंतुलन मौसम का दस्तावेजीकरण शुरू होने के बाद से अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है, क्योंकि ग्रीनहाउस गैस बहुत बड़ी मात्रा में गर्मी को रोक रही हैं, जिससे सूर्य से आने वाली ऊर्जा संतुलन बिगड़ गया है।

जीवन व आजीविका पर असर

रिपोर्ट में कहा गया है कि चरम मौसम घटनाओं ने लोगों के जीवन और आजीविका पर असर डाला है, खाद्य सुरक्षा को कमजोर किया है, गरीबी बढ़ाई है तथा कई क्षेत्रों में लोगों को अपना घर-बार छोड़ने के लिए मजबूर किया है। इसमें शुरुआती अनुमानों का हवाला देते हुए कहा गया है कि यूरोप में लू, सूखे और जंगलों में आग लगने की घटनाओं के कारण 30,000 से अधिक अतिरिक्त मौतें दर्ज की गई हैं।

'स्टेट ऑफ द क्लाइमेट रिपोर्ट' जारी

डब्ल्यूएमओ ने तुर्किये के अंताल्या में आयोजित संयुक्त राष्ट्र जलवायु सम्मेलन (सीओपी31) के पहले दिन शुक्रवार को 'स्टेट ऑफ द क्लाइमेट रिपोर्ट' जारी की। डब्ल्यूएमओ महासचिव सेलेस्टे साउलो ने कहा कि पिछले चार साल 177 वर्षों के ज्ञात मौसम इतिहास के सबसे गर्म वर्ष रहे हैं और महासागरों का तापमान भी लगातार दसवें साल रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है।" उन्होंने कहा कि मौजूदा 'अल नीनो' के अब तक के सबसे शक्तिशाली 'अल नीनो' में से एक होने का अनुमान है और समुद्र से निकलने वाली गर्मी 2027 तक तापमान वृद्धि तथा चरम मौसम परिस्थितियों को बढ़ावा देती रहेगी।"

वैश्विक रुझान के विपरीत दक्षिणी महासागर के भारतीय क्षेत्र में ऑक्सीजन का स्तर बढ़ा

पणजी। दक्षिणी महासागर के भारतीय क्षेत्र (आईएसएसओ) में पिछले तीन दशकों में घुली हुई ऑक्सीजन के स्तर में काफी वृद्धि हुई है जबकि दुनिया के अन्य महासागरों में ऑक्सीजन का स्तर घटने का रुझान देखा जा रहा है। गोवा स्थित एक संस्थान के वैज्ञानिकों के अध्ययन में यह बात सामने आई है। वैज्ञानिकों ने

गोवा के राष्ट्रीय ध्रुवीय एवं समुद्री अनुसंधान केंद्र के शोधकर्ताओं ने किया दावा

ऑक्सीजन के स्तर में इस वृद्धि का मुख्य कारण महासागर में जल के बेहतर परिसंचरण को बताया है। इस प्रक्रिया में सतह का पानी महासागर की गहराई तक पहुंचता है और वहां ऑक्सीजन की आपूर्ति करता है। गोवा के राष्ट्रीय ध्रुवीय एवं समुद्री अनुसंधान केंद्र (एनसीपीओआर) के शोधकर्ताओं द्वारा किए गए अध्ययन के अनुसार 1993 से 2025 के बीच आईएसएसओ में ऑक्सीजन के स्तर में बढ़ोतरी हुई है। यह वृद्धि विशेष रूप से ध्रुवीय और अंटार्कटिक क्षेत्रों में देखी गई। ये निष्कर्ष विश्व भर के महासागरों में ऑक्सीजन के स्तर में गिरावट के व्यापक रुझान के विपरीत हैं। वैज्ञानिकों ने इसके लिए वैश्विक तापवृद्धि, महासागरों में जल की परतों के बीच बढ़ते स्थिरीकरण और जल परिसंचरण के कमजोर होने को जिम्मेदार ठहराया है। एनसीपीओआर के निदेशक डॉ. थंबन मेलोथ ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, "दक्षिणी महासागर वैश्विक महासागर के प्रमुख 'फेफड़े' के रूप में काम करता है और वैश्विक ताप, कार्बन, पोषक तत्वों तथा ऑक्सीजन के नियमन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसलिए, इसके जल परिसंचरण और 'वेंटिलेशन' में बदलाव का असर वैश्विक महासागर में ऑक्सीजन की कुल मात्रा पर पड़ सकता है।"

शाह ने गुजरात में 1,024 करोड़ की परियोजनाएं शुरू की, बोले

देश को 2029 तक नशामुक्त बनाने का लक्ष्य, जनता का सहयोग जरूरी

हेल्पलाइन नंबरों के जरिए नशीले पदार्थों के सेवन और बिक्री की सूचना देने की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अहमदाबाद

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि जनता के सक्रिय सहयोग के बिना केवल सरकारों के प्रयासों से मादक पदार्थों की समस्या खत्म नहीं की जा सकती और उन्होंने लोगों से विशेष हेल्पलाइन नंबरों के जरिए अधिकारियों को नशीले पदार्थों के सेवन और बिक्री की सूचना देने की अपील की। शाह ने यहां 1,024 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की शुरुआत करने के बाद एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि भारत को नशामुक्त बनाने के लिए 31 दिसंबर 2029 की समयसीमा तय की गई है, लेकिन गुजरात को 31 दिसंबर 2028 तक ही यह लक्ष्य हासिल कर लेने की जरूरत है। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि नशीले पदार्थों का सेवन हमारे युवाओं और भावी पीढ़ियों को खोखला कर देता है। यह युवाओं के मस्तिष्क, शरीर, सोचने-समझने की क्षमता और इंद्रियों को नुकसान पहुंचाकर देश के भविष्य को कमजोर करता है। इसके अलावा, मादक पदार्थों के कारोबार से होने वाली कमाई का इस्तेमाल देश में आतंकवाद को बढ़ावा देने के लिए किया जाता है।'' उन्होंने लोगों से मादक पदार्थों की बिक्री के मामलों की सूचना अधिकारियों को देने की अपील की।

प्रत्येक शिक्षक को सतर्क रहना चाहिए



शाह ने कहा कि प्रत्येक शिक्षक को सतर्क रहना चाहिए और किसी छात्र के व्यवहार में बदलाव दिखने पर इसकी सूचना देनी चाहिए। ऐसे बदलावों में आंखें लाल होना, कक्षा में सोना या पढ़ाई में ध्यान न लगा पाना शामिल हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षकों को यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि ऐसे छात्रों की जांच कराई जाए और अभिभावकों को भी किशोर उम्र के बच्चों पर कड़ी नजर रखनी चाहिए। उन्होंने कहा, "यह नागरिकों की भी जिम्मेदारी है कि वे अपने आसपास मादक पदार्थों के सेवन या बिक्री के किसी भी मामले की सूचना टोल-फ्री नंबर पर फोन करके दें।

अहमदाबाद से शुरुआत

शाह ने कहा, "हमने काली चौदस के शुभ दिन इस अभियान की शुरुआत की है। नशामुक्त भारत का लक्ष्य हासिल करने से पहले हमें अहमदाबाद और गुजरात को नशामुक्त बनाने से शुरुआत करनी होगी।" कार्यक्रम के दौरान शाह ने अपने संसदीय क्षेत्र गांधीनगर में अहमदाबाद नगर निगम की विभिन्न नागरिक सुविधाओं और बुनियादी ढांचे से जुड़ी विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।

कार्यक्रम में सरकारी कल्याणकारी योजनाओं के तहत आवास आवंटन के लिए कम्प्यूटरीकृत ड्रॉ भी निकाला गया और पौधारोपण अभियान चलाया गया। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और अहमदाबाद के महापौर हितेश बारोट सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति इस अवसर पर उपस्थित थे। नशामुक्ति अभियान से जुड़ी ये घोषणाएं शनिवार को अहमदाबाद में शाह की अध्यक्षता में हुई कानून-व्यवस्था संबंधी उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक के बाद की गई हैं। इस बैठक में उन्होंने प्रवर्तन एजेंसियों को मादक पदार्थों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की योजनाएं तैयार करने और नियंत्रण कक्ष की व्यवस्था का विस्तार करने के निर्देश दिए थे।

ओडिशा में वारदात

जादू-टोने के संदेह में बुजुर्ग की हत्या, दो भाई गिरफ्तार

हमले में इस्तेमाल लाठी, मोबाइल फोन पुलिस ने जब्त किए

भाषा ▶▶ ब्रह्मपुर (ओडिशा)

ओडिशा के गंजाम जिले में पुलिस ने जादू-टोने के संदेह में 80 वर्षीय एक बुजुर्ग की कथित तौर पर हत्या करने के आरोप में दो भाइयों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सोमवार को बताया कि यह वारदात चार नवंबर की रात बडांगी गांव में हुई। आरोपियों की पहचान अभिमन्यु गौड़ा (37) और उसके भाई सुशांत गौड़ा उर्फ कालिया (35) के रूप में हुई है जिन्हें रविवार को गिरफ्तार किया गया। वहीं, मृतक की पहचान इसी गांव के निवासी त्रिनाथ गौड़ा (80) के रूप में की गई है। भंजनगर के उप-मंडलीय पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) दीपक कुमार मिश्रा ने बताया कि जांच से पता चला है कि त्रिनाथ गौड़ा गांव में पारंपरिक अनुष्ठान करते थे। इसके कारण गांव और आसपास के कुछ लोगों को उन पर जादू-टोना करने का संदेह होने लगा था। दोनों आरोपियों को भी शक था कि बुजुर्ग उनके परिवार के खिलाफ तंत्र-मंत्र का इस्तेमाल कर रहे हैं।

पहले बुजुर्ग की लाठी से पिटाई की

पुलिस के अनुसार, वारदात वाली रात दोनों भाई बुजुर्ग के घर में कथित तौर पर घुसे और उन्हें खींचकर बरामदे में ले आए। उन्होंने पहले बुजुर्ग की लाठी से पिटाई की और फिर सीमेंट सिल्ली से उनके सिर तथा चेहरे पर जोरदार वार किया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि हत्या के बाद आरोपी गांव से भाग गए थे, लेकिन तलाशी अभियान के दौरान उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने आरोपियों के पास से खून से सनी सीमेंट की सिल्ली, हमले में इस्तेमाल लाठी, मोबाइल फोन और आरोपियों द्वारा पहने गए कपड़े जब्त कर लिए हैं।

गोवा में 3 साल की बच्ची से यौन उत्पीड़न

पणजी। गोवा के उत्तरी जिले के मापुसा में एक जर्जर इमारत में तीन साल की बच्ची के साथ कथित यौन उत्पीड़न का मामला सामने आया है। बच्ची रविवार शाम टैक्सी स्टैंड के पास इमारत के बाहर रोती हुई मिली। एक राहगीर ने उसे देखा और स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस को सूचना दी। बच्ची का परिवार गुब्बारे बेचता है और वह दिवाली के लिए उनके साथ बाजार आई थी। पुलिस ने बच्ची को पहले मापुसा जिला अस्पताल और फिर गोवा मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। अधिकारियों के मुताबिक, उसकी हालत अब स्थिर है।

युद्ध लड़ने जा रहे नौ विदेशी नागरिक पकड़े

जोहानिसबर्ग (एपी)। रूस की ओर से यूक्रेन में युद्ध लड़ने जाने के संदेह में दक्षिण अफ्रीका में नौ विदेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। कर्नल कटलेगो मोगाले के अनुसार, 20 से 26 वर्ष की आयु के इन संदिग्धों को रविवार देर रात जोहानिसबर्ग के ओ.आर. टैम्बो हवाई अड्डे और पास के ब्रूमा इलाके के एक होटल से गिरफ्तार किया गया।

सागर: ट्रक व 'एसयूवी' में टक्कर, चार की मौत

सागर (मध्यप्रदेश)। मध्यप्रदेश के सागर जिले में सोमवार को एक तेज रफ्तार ट्रक और एक 'स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल' (एसयूवी) की आमने-सामने की टक्कर में चार लोगों की मौत हो गई एवं पांच अन्य घायल हो गए। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी के मुताबिक यह दुर्घटना राष्ट्रीय राजमार्ग-44 पर देवरी थानाक्षेत्र में गोपालपुरा के पास सोमवार सुबह हुई, जब भैंसा गांव के लोग 'अर्टिगा' वाहन से अमावस्या के मौके पर नर्मदा स्नान के लिए बरमान जा रहे थे।

मुंबई के मंदिर में तोड़फोड़, धार्मिक बैनर फाड़े, दो लोग गिरफ्तार

- 30 से 40 लोगों का समूह मंदिर परिसर में इकट्ठा हुआ था

मुंबई। मुंबई के एक मंदिर में लोगों का एक समूह कथित तौर पर सुरक्षा गार्ड को धमकाकर जबरन घुस गया। उन्होंने वहां आरती की, परिसर में लगे एक बोर्ड को विरूपित किया और एक धार्मिक बैनर फाड़ दिया। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। घटना शनिवार शाम को आरे इलाके के राम मंदिर में हुई। आरे पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने अमित पाठक नामक व्यक्ति समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इस मामले में 15 लोगों के खिलाफ वैमनस्य फैलाने की कोशिश समेत विभिन्न आरोपों में प्राथमिकी दर्ज की गई है। यह मामला आरे इलाके के मारोल चेक नाका स्थित 'लेउवा पाटीदार समाज राम मंदिर ट्रस्ट' के न्यासी जयेश अंबावी पटेल (46) की शिकायत पर दर्ज किया गया है।

पुलिस के अनुसार, पाठक ने कथित तौर पर 'हिंदू रक्षक सेना' और 'सकल हिंदू समाज' की ओर से सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा किए थे। इनमें लोगों से शनिवार को मंदिर परिसर में हनुमान चालीसा का पाठ और महाआरती करने के लिए जुटने की अपील की गई थी, ताकि स्थानीय स्तर पर एक विवादित मुद्दे का समाधान किया जा सके।

2013 के विरोध प्रदर्शन मामले में बयान दर्ज कराने के लिए ममता बनर्जी को नोटिस जारी

नई दिल्ली (भाषा)। दिल्ली पुलिस ने पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को एक नोटिस जारी कर उनसे राष्ट्रीय राजधानी में 2013 में तृणमूल कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन के दौरान पुलिस के साथ हुई झड़प से जुड़े मामले में अपना बयान दर्ज कराने को कहा है। पुलिस सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने स्पष्ट किया कि बनर्जी को यह नोटिस मामले में एक गवाह के रूप में दिया गया है, न कि आरोपी के रूप में। यह मामला अप्रैल 2013 की एक घटना से संबंधित है। स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) के सदस्यों द्वारा पश्चिम बंगाल के तत्कालीन वित्त मंत्री अमित मित्रा पर कथित हमले के विरोध में बनर्जी ने अपने मंत्रियों और सांसदों के एक प्रतिनिधिमंडल के साथ संसद मार्ग पर योजना आयोग (अब नीति आयोग) के पास प्रदर्शन किया था। सुरक्षा चिंताओं और निषेधाज्ञा का हवाला देते हुए दिल्ली पुलिस कर्मियों द्वारा प्रतिनिधिमंडल को आगे बढ़ने से कथित रूप से रोकने की कोशिश के बाद बनर्जी और पुलिस कर्मियों के बीच कहासुनी हो गई थी।

जनगणना 2027-देश को 24.25 लाख हाउस लिस्टिंग ब्लॉक में बांटा

नई दिल्ली। जनगणना 2027 के लिए भारत ने अब तक का सबसे बड़ा डिजिटल काम पूरा कर लिया है। दरअसल, देश की 24.25 लाख हाउसलिस्टिंग ब्लॉक की मैपिंग स्पेशल सॉफ्टवेयर से कर दी गई है। जनगणना एक साथ पूरे भारत में नहीं होती। इसके लिए पूरे देश को छोटे-छोटे टुकड़ों में बांटा जाता है। एक ब्लॉक 800 लोगों तक की बस्ती होता है। एक जनगणनाकर्मी एक ब्लॉक में गिनती करेगा, यही ब्लॉक ही आगे चलकर जनगणना ब्लॉक बनेंगे, जहां असली गिनती होगी। मतलब पूरे भारत के हर मोहल्ले, हर गांव, हर झुग्गी का डिजिटल पता बन गया। आसान शब्दों में कहें तो हर ब्लॉक में 150-200 घर होंगे। रजिस्ट्रार जनरल ऑफ इंडिया और जनगणना आयुक्त मृत्युंजय कुमार नारायण ने सभी राज्यों को भेजी चिट्ठी में ये जानकारी दी है। देश में जनगणना का दूसरा फेज 25 जनवरी 2027 से शुरू होगा, जो 28 फरवरी तक चलेगा।

सॉफ्टवेयर से हुई डिजिटल मैपिंग

इस काम के लिए जनगणना प्रबंधन और निगरानी प्रणाली एप्लिकेशन का इस्तेमाल किया गया है। यह एक खास सॉफ्टवेयर है। इसे जनगणना की निगरानी लगभग रियल टाइम में करने के लिए तैयार किया गया है। जनगणना आयुक्त मृत्युंजय कुमार नारायण ने कहा कि हाउस-लिस्टिंग फेज में बड़े स्तर पर डिजिटल मैपिंग की गई और देशभर का व्यापक जियोस्पेशल फ्रेमवर्क तैयार हुआ है।

झारखंड : वैन को ट्रक ने टक्कर मारी, पांच की मौत, तीन गंभीर

- शव और शोकाकुल परिजनों को वाराणसी ले जा रही थी वैन

रांची। झारखंड के हजारीबाग जिले में सोमवार को एक ट्रक ने पिकअप वैन को टक्कर मार दी, जिससे कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई और 14 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि वैन में एक शव को अंतिम संस्कार के लिए वाराणसी ले जाया जा रहा था और मृतक के परिजन भी उसमें सवार थे। एक अधिकारी ने बताया कि वैन में गिरिडीह के कुल 19 लोग सवार थे। पुलिस के अनुसार, वाहन सुबह करीब 10:30 बजे दनुआ घाटी के पास महानैतांड में कुछ देर के लिए रुका था, तभी पीछे से आ रहे एक ट्रक ने उसे टक्कर मार दी। चौपारण थाने के प्रभारी पंकज कुमार के अनुसार, टक्कर इतनी जोरदार थी कि वैन पलट गयी और उसमें सवार कई लोग सड़क पर जा गिरे।

ट्रंप ने अपनी हार के लिए इजराइल को जिम्मेदार ठहराया बोले- अमेरिकी जनता उससे बहुत नाराज

- ईरान जंग और महंगे पेट्रोल से भी नुकसान हुआ

वॉशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने मिडटर्म चुनाव में पार्टी की हार की वजह इजराइल को बताया है। उन्होंने सीबीएस न्यूज के कार्यक्रम '60 मिनट्स' में कहा कि इजराइल को लेकर अमेरिकी लोगों में बहुत नाराजगी है। ट्रंप ने कहा कि अमेरिकी लोग इजराइल को भले ही पसंद नहीं करते, लेकिन हमारी सरकार इजराइल के काफी करीब है। ट्रंप ने हार की और दूसरी भी वजहें गिनाईं। उन्होंने कहा, सबसे पहली बात, मैं चुनाव नहीं लड़ रहा था। इसके अलावा लोगों को रिपब्लिकन पार्टी के कुछ उम्मीदवार भी पसंद नहीं आए। ईरान जंग और पेट्रोल की बढ़ती कीमतों से भी जनता में नाराजगी थी। 7 अक्टूबर 2023 को हमास के हमले के बाद इजराइल ने गाजा में सैन्य कार्रवाई शुरू की थी। इसके बाद अमेरिका में इजराइल को लेकर लोगों की राय बदलने लगी। खासकर डेमोक्रेटिक पार्टी के समर्थकों में इजराइल के लिए समर्थन घटा है।

आईएएस बनने का सपना पूरा पोस्टिंग का इंतजार...958 चयनित अभ्यर्थियों का सेवा आवंटन अटका

कोर्ट में चल रहे ओबीसी क्रीमी लेयर के केस का असर


हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

देश की सबसे प्रतिष्ठित प्रतियोगी परीक्षा सिविल सेवा परीक्षा पास करने के बाद प्रशासनिक सेवा में प्रवेश का इंतजार कर रहे सैकड़ों युवाओं के सामने एक अभूतपूर्व स्थिति पैदा हो गई है। संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा 2025 में अंतिम रूप से सफल घोषित 958 अभ्यर्थियों को परिणाम आने के 8 महीने बाद भी उनकी सेवाओं का आवंटन नहीं हो पाया है। इसके कारण मसूरी स्थित लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी में आयोजित होने वाला 101वां फाउंडेशन कोर्स भी निर्धारित समय पर शुरू नहीं हो सका है। इस प्रशासनिक गतिरोध का असर अब आगामी 2026 बैच की प्रशिक्षण व्यवस्था पर भी पड़ने की आशंका है। केंद्र सरकार के सामने एक तरफ पिछले बैच के अभ्यर्थियों का सेवा आवंटन पूरा करने की चुनौती है तो दूसरी तरफ नए बैच के चयन और प्रशिक्षण की समय-सारणी तैयार करने का दबाव भी बढ़ रहा है। इस पूरे विवाद के केंद्र में अन्य पिछड़ा वर्ग के क्रीमी लेयर निर्धारण को लेकर सुप्रीम कोर्ट का 11 मार्च का फैसला है। हालांकि, छह नवंबर को सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार की स्पष्टीकरण याचिका पर फैसला सुनाते हुए स्पष्ट कर दिया कि मार्च में निर्धारित कानूनी सिद्धांत सिविल सेवा परीक्षा 2025 के लंबित सेवा आवंटन पर भी लागू होंगे। इसके बावजूद अब निगाहें कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग पर हैं कि वह सेवा आवंटन और प्रशिक्षण की प्रक्रिया कितनी तेजी से पूरी करता है। यूपीएससी के परिणाम 6 मार्च को घोषित होने के बावजूद 958 चयनित अभ्यर्थियों को सेवा आवंटन के संबंध में डीओपीटी की ओर से कोई स्पष्ट सूचना नहीं मिली थी। आमतौर पर अगस्त के मध्य या अंतिम सप्ताह में शुरू होने वाला फाउंडेशन कोर्स सितंबर तक भी शुरू नहीं हो पाया था। कई चयनित अभ्यर्थियों ने माना सेवा आवंटन में देरी के कारण उनकी भविष्य की सेवा को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है।

एआई ने बढ़ाई चिंता, संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट में दावा

दुनिया में बच्चों को डराने-धमकाने के मामले बढ़े

भाषा ▶▶ नई दिल्ली



यूनेस्को ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) से प्रौद्योगिकी जनित हिंसा बढ़ने की चेतावनी देते हुए कहा है कि दुनिया भर में हर तीन में से एक छात्र प्रति महीने धमकी का, जबकि प्रत्येक 10 में से एक छात्र साइबर धौंस का सामना करता है। संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) की नयी नीतिगत रिपोर्ट, 'कनेक्टेड एंड सेफ' से पता चलता है कि अश्लीलता दर्शाने वाले ऐप, आवाज की क्लोनिंग, एआई टूल के जरिये संदेश भेजकर किये जाने वाले उत्पीड़न और यौन शोषण के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले एआई ऐप अब कई क्षेत्रों में स्कूलों से संबंधित घटनाओं में सामने आ रहे हैं। यूनेस्को के महानिदेशक खालिद अल-एनानी के अनुसार, प्रत्येक महीने हर तीन में से एक विद्यार्थी को धौंस का सामना करना पड़ता है, जबकि हर 10 में से एक विद्यार्थी 'साइबर धमकी' का शिकार होता है। इन आंकड़ों से पता चलता है कि ऐसे लाखों बच्चे हैं जिनकी शिक्षा, स्वास्थ्य और कल्याण खतरे में है। नीतिगत रिपोर्ट के अनुसार, ''ऑनलाइन और प्रौद्योगिकी के जरिए होने वाली हिंसा अब शिक्षा प्रणालियों के लिए कोई मामूली या गौण मुद्दा नहीं रह गई है। यह कई विद्यार्थियों के स्कूली जीवन की वास्तविकता का हिस्सा बन गई है, जिसका सीधा असर उनकी सुरक्षा, कल्याण, भागीदारी और सीखने की प्रक्रिया पर पड़ता है। दुनिया भर में लगभग हर दस में से एक विद्यार्थी ने साइबर धमकी का सामना किया है।

यौन उत्पीड़न में लड़कों और लड़कियों, दोनों को प्रभावित

यूरोप, मध्य एशिया और उत्तरी अमेरिका के 44 देशों में, 2018 से 2022 के बीच लड़कों और लड़कियों, दोनों के बीच इसके मामले 12 प्रतिशत से बढ़कर 15 प्रतिशत हो गए हैं।'' इसमें कहा गया है कि कुछ विद्यार्थी दूसरों की तुलना में अधिक असुरक्षित होते हैं। लड़कियों और दिव्यांग विद्यार्थियों तथा सामाजिक-आर्थिक स्थिति या भौगोलिक कारणों से हाशिए पर धकेल दिये गए लोगों को अलग-अलग तरह के और अक्सर कहीं अधिक गंभीर नुकसान का सामना करना पड़ता है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28